तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 10.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


रिवर व्यू स्मार्ट सड़क पर किया जा रहा डामरीकरण

## खबर संक्षेप

### अब 10 परसेंटाइल वाले भी ले सकेंगे प्रवेश

**बिलासपुर।** बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम के सत्र 2025-26 में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रवेश नियमों में बड़ी शिथिलता देते हुए अब 10 परसेंटाइल या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को भी प्रवेश के लिए पात्र घोषित कर दिया है। भारतीय उपचर्या परिषद (आइएनसी) की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के संदर्भ में यह निर्णय लिया गया है। कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) 2025 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए पहले निर्धारित अंक अनिवार्य थे। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रभावी होगी। प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है।

### ट्रांसफार्मर की खराबी 3 घंटे बंद रही बिजली

**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर, करबला और कुम्हारपारा जैसे इलाकों में मंगलवार की सुबह से बिजली बंद रही, इस दौरान ट्रांसफार्मर में आई खराबी के कारण करीब 3 घंटे तक बिजली सप्लाई ठप रही, जिससे लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हुए। बताया जा रहा है कि मनोहर टाकिज के पास ले ट्रांसफार्मर में आई खराबी के चलते क्षेत्र में 3 घंटे बिजली बंद रही। इस दौरान पीजीबीटी कालेज स्थित फ्यूज से संपर्क किया गया लेकिन सुबह से बंद बिजली बनाने के लिए कर्मचारी नहीं पहुंच सके। इसके बाद लोगों ने एई रवि ध्रुव को बिजली बंद होने की जानकारी दी, जिसके बाद करीब आधे घंटे में सप्लाई शुरू की गई।

## 900 करोड़ में बनेगा तीन दिशाओं वाला फ्लाईओवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनाने के लिए राजीव गांधी चौक से नेहरू चौक तक तीन दिशाओं वाला फ्लाईओवर बनेगा। यह फ्लाईओवर उस्लापुर रोड, इंदिरा सेतु के ऊपर से कोनी और सीपत-मोपका रोड की ओर जाएगा, जिससे नेशनल हाइवे का ट्रैफिक शहर के अंदरूनी हिस्सों से गुजरे बिना निकल सकेगा। इस परियोजना के तहत 900 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके तहत शहर की सड़कों का चौड़ीकरण और नई सड़कों का निर्माण भी किया जाएगा। निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी इस बड़े प्रोजेक्ट पर काम करे हैं। टैक्निकल टीम ने शहर के अलग अलग हिस्सों में स्वाइल टेस्टिंग भी शुरू कर दी। इसमें देखा जा रहा है कि जमीन के कितने अंदर तक पत्थर है और मिट्टी कैसी है। प्रोजेक्ट के डीपीआर पर भी काम जारी है। इस फ्लाइओवर का प्रारंभिक नक्शा भी जारी कर दिया गया है।

नगर निगम आयुक्त के मुताबिक राजीव गांधी चौक से नेहरू चौक तक बनने वाला फ्लाईओवर तीन दिशाओं में विभाजित होगा। यह उस्लापुर रोड, इंदिरा सेतु के ऊपर से कोनी और सीपत-मोपका रोड की ओर जाएगा। इससे रायपुर-बिलासपुर हाईवे का ट्रैफिक शहर के अंदरूनी हिस्से को प्रभावित किए बिना निकल सकेगा। 'नगर उत्थान योजना' के तहत इस प्रोजेक्ट के लिए 900 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है।



**राजीव गांधी चौक से नेहरू चौक और इंदिरा सेतु के ऊपर से कोनी और सीपत-मोपका रोड तक बनेगा**

- शहर की सड़कों का चौड़ीकरण और नई सड़कों का निर्माण भी किया जाएगा
- टैक्निकल टीम ने शहर के अलग अलग हिस्सों में स्वाइल टेस्टिंग भी शुरू की

### पांच किलोमीटर लंबा होगा फ्लाईओवर

ज्ञात हो कि रायपुर-बिलासपुर हाईवे का ट्रैफिक अभी तिफरा फ्लाई ओवर से नेहरू चौक होते हुए सीपत, कोनी की ओर जाता है, जिससे शहर के अंदर की सड़कों पर ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए राजीव गांधी चौक से नेहरू चौक होते हुए इंदिरा सेतु के ऊपर से फ्लाई ओवर के निर्माण के लिए सर्वे कराया जा रहा है। इस फ्लाईओवर को महामाया चौक से कोनी और सीपत मार्ग की ओर डायवर्ट किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि पूरी योजना में करीब 300 करोड़ रुपए की लागत आएगी। बिलासपुर का यह सबसे बड़ा फ्लाई ओवर होगा, जिसकी लंबाई साढ़े चार से पांच किलोमीटर होगी।

### फ्लाईओवर पीडब्ल्यूडी तो 10 सड़कें निगम बनाएगा

फ्लाईओवर का निर्माण पीडब्ल्यूडी करेगा, जबकि शहर की 10 प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण और नई सड़कों का निर्माण नगर निगम करेगा। इसके अलावा, जवाली नाला की तर्ज पर गोकने नाला के ऊपर स्लैब डालकर नई सड़क का निर्माण भी किया जाएगा, जो शहर के एक हिस्से को दूसरे से जोड़ेगी।

अधिकारियों के मुताबिक यह परियोजना शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। विशेषकर नेशनल हाइवे 130 का ट्रैफिक शहर से बाहर निकालने में मददगार होगी। इसी प्रकार मोपका- कोनी बाई पास रोड, अशोक नगर से बिरकोना, दयालबंद से सीपत रोड का काम हाथ में लिया जाएगा, ताकि शहर की कम चौड़ाई वाली सड़कों पर ट्रैफिक का बोझ कम किया जा सकेगा।

## नए साल का जश्न, चप्पे-चप्पे पर 800 पुलिसकर्मी होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले की आमजनता शांतिपूर्ण ढंग से नए साल का जश्न बनाए इसके लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद हो गया है। सुरक्षा व्यवस्था की पूरी तैयारी के साथ 100 नगर सैनिक सहित 800 पुलिसकर्मियों की चप्पे-चप्पे पर ड्यूटी लगाई जाएगी।

एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर की रात नए साल के जश्न शांतिपूर्ण ढंग से अपराध मुक्त मनाने सुरक्षा व्यवस्था पूरी रहेगी। शहर व ग्रामीण इलाकों में पेट्रोलिंग की संख्या बढ़ाई गई है। पट्रोलिंग पार्टी व डायल 112 से हुड़दंग करने वालों पर नजर रखी जाएगी। इंटर सेप्टर और स्पीड रडार से लैस वाहन और ड्रोन कैमरे से भी भीड़ पर नजर रखी जाएगी।

इसके अलावा 31 दिसंबर की शाम से शहर के चौक चौराहे पर पुलिस टीम तैनात होकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि हुड़दंग व शांति भंग करने पर बीएनएस की धारा 189 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जान लेवा स्टंटबाजी करने पर वाहन जब्त कर लिया जाएगा और यातायात नियम तोड़ने वालों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अभद्र व्यवहार करने पर बीएनएस की धारा 74/ 79 के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।


कोनी थाना क्षेत्र में वाहन चालकों की जांच करती पुलिस।

### धार्मिक स्थलों पर होगी निगरानी

1 जनवरी 2026 को धार्मिक स्थल व पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़ेगी। उनकी सुरक्षा के लिए सभी स्थनों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा ड्रोन कैमरे से लोगों पर नजर रखी जाएगी। पार्टी आयोजकों, रिसार्ट और होटल मालिकों को नए साल के आयोजन के लिए पुलिस द्वारा दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया गया है।

### तेज आवाज में डीजे बजाने पर कार्रवाई

31 दिसंबर की शाम से शहर के विभिन्न इलाकों में डीजे लगाकर नए साल का जश्न मनाने जाएगा। पुलिसकर्मी पेट्रोलिंग कर पार्टी वाले स्थानों का जायजा लेंगे। इस दौरान तेज आवाज में गाना बजाने पर डीजे पर कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

एसएसपी श्री सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर की रात सड़क हादसा रोकने के लिए एक सप्ताह पहले से शहर व ग्रामीण इलाकों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। हुड़दंग करने, अड्डाबाजी व सावर्जनिक जगहों पर शराब पीने वाले, गुण्डा बदमाशों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। चाकूबाजी होने पर बदमाशों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।



### एसएसपी स्वयं ले रहे जायजा

एसएसपी श्री सिंह प्रतिदिन रात में शहर में भ्रमण कर चौक-चौराहे पर रुककर वाहन चेकिंग का जायजा ले रहे हैं। नियम तोड़ने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया जा रहा है।

### जश्न की आड़ में दबंगई नहीं चलेगी

जिले में शांतिपूर्ण ढंग से नए साल के जश्न मनाने के लिए 100 नगर सैनिक सहित 800 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई है। 31 दिसंबर के शाम से 1 जनवरी तक पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात रहेंगे। जश्न की आड़ में दबंगई करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

– **रजनेश सिंह** एसएसपी



राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### सुक्खू बाड़ा सरजू बगीचा में नाली व स्लेब ढलाई का कार्य का भूमिपूजन



**बिलासपुर।** वार्ड क्रमांक 32 शहीद विनोद चौबे नगर में 30 दिसंबर को सुक्खू बाड़ा सरजू बगीचा में लोगों की मांग पर पार्षद अमित तिवारी द्वारा विधायक अमर अग्रवाल के निर्देशानुसार यहां नाली व स्लेब एवं ढलाई का कार्य का भूमिपूजन किया गया। पार्षद अमित तिवारी ने बताया कि यहां के लोगों की मांग पर विधायक अमर अग्रवाल के निर्देश पर नाली, स्लेब एवं ढलाई का कार्य और सतीश के किराना स्टोर के बाजू वाली गली मसानगंज में भी नाली स्लैब एवं ढलाई का कार्य कार्य करने तत्काल टेंडर कराकर प्रक्रिया पूर्ण की गई। कार्य प्रारम्भ करने आज वार्ड के बुजुर्गो एवं महिलाओ के हाथों भूमि पूजन कराया गया। इस अवसर पर वार्ड 32 की रजनी यादव, सुमन अवस्थी, संतोष शर्मा, रामप्रसाद सोनी, सत्येन वर्मा, पूर्व पार्षद जितेंद्र राय, पूर्व एल्डरमैन प्रवीर सेन गुप्ता, रवि वर्मा, मोनू रजक, बबलू यादव, मनोज यादव, राजेश यादव, श्रेयस अवस्थी, मदन सोनी, जगदेव विश्वकर्मा, ठेकेदार विनय पांडल, वार्ड पार्षद अमित तिवारी भाजपा दक्षिण मंडल महामंत्री जगदीश साव एवं निगम के इंजीनियर धीरज प्रजापति, सुपरवाइजर संजय रजक आदि उपस्थित थे।

### स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय ने गुरू गोविंद सिंह के साहबजादों को किया याद



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में वीर बाल दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया और देश के श्री गुरू गोविंद सिंह के चारों साहबजादों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। छात्रों ने शहीदों के जीवन और उनके देश के लिए दिए गए बलिदान पर आधारित भाषण, निबंध और कविता पाठ किया। देशभक्ति गीतों की भी प्रस्तुति दी गई। विशिष्ट अतिथि अमृत पाल कौर, शिक्षिका सुवाणी दिव्यांग बालक बालिका विद्यालय, तोरवा ने साहिबजादों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "साहिबजादों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, हमें उनके सपनों को पूरा करने के लिए काम करना होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यू.के. श्रीवास्तव ने शहीदों के बलिदान को याद किया और छात्रों से देश के लिए अपने कर्तव्यों को निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "साहिबजादों के आदर्शों को अपनाकर ही हम देश को आगे ले जा सकते हैं। हमें उनके सपनों को पूरा करने के लिए काम करना होगा।" इसके साथ ही वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आर.के. सचदेव ने श्री गुरूगोविंद सिंह जी के एवं उनके साहबजादों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए संकल्पित किया। उक्त कार्यक्रम पर प्रो. एल.के. गवेल ने सभी का धन्यवाद दिया।

### कश्यप कुशवाहा (काछी) समाज की नई प्रबंध कार्यकारिणी का गठन



**बिलासपुर।** कश्यप कुशवाहा (काछी) समाज के अध्यक्ष सहदेव कश्यप एवं उनकी प्रबंध कार्यकारिणी समिति की उपस्थिति में नवयुवक कुशवाहा समाज समिति इमलीपारा के प्रबंध कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें रवि कुमार कश्यप अध्यक्ष, प्रशांत कश्यप उपाध्यक्ष, शिशिर कश्यप सचिव, शरद कश्यप सह-सचिव, रवीन्द्र कश्यप कोषाध्यक्ष बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्य सौरभ कश्यप, विकास कश्यप, आकाश कश्यप, दीपक कश्यप, नवल कश्यप, शंकर दयाल कश्यप शामिल हैं। आज की नवीन प्रबंध कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को नवयुवक कुशवाहा समाज समिति के पूर्व अध्यक्ष श्याम कश्यप ने आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मोहनलाल कश्यप, शिवदयाल कश्यप, सीरीश कश्यप, राजकुमार कश्यप, रामप्रताप कश्यप, रामबहादुर कश्यप,शंकर कश्यप, राहुल कश्यप, प्रवीण कश्यप, रवद्रिं कश्यप, आशीष कश्यप, निखिल कश्यप, दीपक कश्यप, किशोर कश्यप आदि सदस्य मौजूद थे

### पुण्यतिथि पर अमरनाथ शाह को कसौंधन महासभा ने दी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ने समाज सेवी स्वर्गीय अमरनाथ शाह की 101 वी. पुण्यतिथि पर उनके छाया चित्र पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर अरविंद गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता, धीरेन्द्र गुप्ता, रमेश गुप्ता, किशोरी शरण गुप्ता, राजेश गुप्ता, पवन गुप्ता, निशा गुप्ता, दीपा गुप्ता, प्रेमलता गुप्ता, चंद्रकांत गुप्ता, विजय गुप्ता, गोपाला गुप्ता, पूजा गुप्ता आदि मौजूद थीं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पालना सहायिका का भर्ती दावा आपत्ति 7 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र 170 गणेशनगर एवं केंद्र क्रमांक 80 लोधीपारा सरकंडा में कार्यकर्ता, वार्ड क्र. 22 अंतर्गत कम्पोजिट बिल्डिंग परिसर में पालना सहायिका के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा आपत्ति 7 जनवरी 2026 तक मंगाए गए हैं। इच्छुक आवेदिका 7 जनवरी तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकती हैं। तिथि समाप्त होने के बाद मिले आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

**स्पाइन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की पहल** | **दोनों संस्थानों के बीच हुआ अनुबंध मील का पत्थर साबित होगा**

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में स्पाइन सर्जरी, डॉ भोजराज देंगे सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय सुपरस्पेशलिटी अस्पताल कोनी व स्पाइन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मध्य एमओयू किया गया। स्पाइन फाउंडेशन की ओर से डॉ शेखर भोजराज व सुपरस्पेशलिटी अस्प्ताल की ओर से डॉ भानू प्रताप सिंह ने एमओयू पर साइन किया है।

स्पाइन फाउंडेशन के नेशनल प्रेसीडेंट विश्वविख्यात स्पाइन सर्जन डॉ शेखर भोजराज केईएम मुम्बई द्वारा मंगलवार को सिम्स के आर्थोपेडिक विभाग व गनियारी जन स्वास्थ्य केंद्र के रीढ़ के बीमारी से ग्रस्त लगभग 20 मरीजों का परीक्षण किया। इन मरीजों का शल्य क्रिया द्वारा शासकीय सुपरस्पेशलिटी अस्पताल कोनी में 16 व 17 जनवरी को किया जाएगा। डॉ भोजराज ने सिम्स व सुपरस्पेशलिटी के डॉक्टरों द्वारा स्पाइन सर्जरी को लेकर व्याख्यान दिया। उन्होंने रीढ़ की विभिन्न बीमारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्पाइन फाउंडेशन द्वारा शासन व समाज सेवी संस्थाओं के साथ मिलकर निशुल्क स्पाइन सर्जरी कर रहा है। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल, जन स्वास्थ्य केंद्र गनियारी के डॉ रमन कटारिया, डीन डॉ रमणेश मूर्ति, एनेस्थेसिया विभाग से डॉ मधुमिता मूर्ति, सिम्स अधीक्षक डॉ लखन सिंह, डॉ अस्थि रोग विभाग के डॉ रवि महोबिया व डॉ तरुण सिंह, सुपरस्पेशलिटी कोनी के अधीक्षक डॉ बीपी सिंह व अन्य स्टाफ मौजूद रहे। इस दौरान डॉ बीपी सिंह ने बताया कि दोनों संस्थानों के बीच हुआ अनुबंध मील का पत्थर साबित होगा, यह प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे प्रदेश उन लोगों को सहयोग मिलेगा जिन्हें काफी लंबे समय से रीढ़ के हड्डी के इलाज की जरूरत है, लेकिन महंगे ईलाज के कारण उपचार करने से बच रहे है। स्पाइन सर्जरी पूर्णतः निशुल्क होगी।



### अध्ययन मंडल के 5 समूह में सिम्स के डॉक्टर्स को प्राथमिकता

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025 के लिए गठित अध्ययन मंडल (बोर्ड ऑफ स्टडीज) को पाँच समूहों में बांटा गया है। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स के वरिष्ठ चिकित्सकों को प्रमुख भूमिका दी गई है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, प्री-क्लिनिकल, पैराक्लिनिकल एवं क्लिनिकल विषयों के लिए गठित समूहों में सिम्स के अनुभवी प्रोफेसर एवं हॉस्पिटल आधारित डॉक्टरों को सदस्य एवं नामित विशेषज्ञ के रूप में शामिल किया गया है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और सिम्स के डीन डॉ रमणेश मूर्ति को फार्मेकोलॉजी, पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, फोरेंसिक मेडिसीन समहू के लिए कुलपति द्वारा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष के लिए डॉ ज्ञानेन्द्र कुमार को जगह मिली है। इसके साथ ही माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉ सागरिका प्रधान को अध्यापक नामांकित किया गया है। कम्युनिटी मेडिसीन, ईएनटी, आप्थेल्मोलॉजी, मेडिसीन, टीबी साइकेट्री समहू के लिए विभागाध्यक्ष के लिए सिम्स के अधीक्षक व प्रोफेसर डॉ लखन सिंह और प्रोफेसर एसके नायक को मनोनीत किया गया है।

#### चिकित्सा शिक्षा होगी मजबूत

अध्ययन मंडल के पाँचों समूहों में सिम्स के डॉक्टरों को शामिल किया जाना संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध क्षमता और क्लिनिकल अनुभव का प्रमाण है। प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा को और सुदृढ़ होगी।

-डॉ रमणेश मूर्ति
डीन, सिम्स

#### छात्र व मरीजों को होगा फायदा

हॉस्पिटल में कार्यरत अनुभवी चिकित्सकों की अध्ययन मंडल में भागीदारी से अकादमिक और क्लिनिकल समन्वय मजबूत होगा, जिससे छात्रों के साथ-साथ मरीजों को भी बेहतर फायदा होगा।

-डॉ लखन सिंह
अधीक्षक सिम्स

**कालेजों को परीक्षण कर भेजना होगा उपस्थिति पत्रक**

# परीक्षा में अपसेंट दर्शाने पर छात्र सीधे यूनिवर्सिटी के नहीं काटेंगे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परीक्षा में शामिल होने के बाद भी अगर रिजल्ट घोषित होने पर किसी छात्र को अनुपस्थित बताया जाता है और उसके मार्कशीट में अनुपस्ति एबीएस दर्शाया जाता है तो ऐसे छात्र सीधे यूनिवर्सिटी का चक्कर नहीं काट सकेंगे। अटल यूनिवर्सिटी ने इस संबंध में सभी कालेजों के प्राचार्यो को यह फरमान जारी किया है कि वे पहले परीक्षण कराए उसके पश्चात उपस्थिति पत्रक के साथ अग्रेषित कर यूनिवर्सिटी आवेदन भेजेंगे, नहीं तो छात्र यूनिवर्सिटी और कालेज के बीच चक्कर काट-काटकर परेशान होते रहते हैं।

■ **अटल यूनिवर्सिटी ने जारी किया फरमान**

यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित परीक्षा समाप्त होने के बाद जैसे ही रिजल्ट घोषित होता है तो कई बार ऐसे मामले सामने आते हैं जिनमें परीक्षा में शामिल होने के बाद भी छात्र-छात्राओं को रिजल्ट में अनुपस्थित एबीएस दर्शा दिया जाता है। ऐसे छात्र मैं तो परीक्षा में शामिल हुआ हूं कहकर आवेदन लेकर यूनिवर्सिटी का चक्कर काटते रहते हैं। यूनिवर्सिटी द्वारा उन छात्रों को कालेज भेजा जाता है फिर कालेज से जानकारी मंगाया जाता है। इस सब में छात्रों को अनावश्यक परेशानी होती है और यूनिवर्सिटी का भी समय खराब होता है। अभी सेमेस्टर एग्जाम चल रहा है और उसके परिणाम घोषित होने के बाद फिर से इस तरह के मामले आ सकते हैं। यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों के परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम, अंकसूची में परीक्षार्थियों के उपस्थिति के बावजूद अनुपस्थित एबीएस अंकित होता है तो ऐसे विद्यार्थियों के संबंध में अटल यूनिवर्सिटी ने सभी कालेजों के प्राचार्यो को निर्देश जारी किया है। ऐसे विद्यार्थी जो परीक्षा के किसी प्रश्न पत्र में उपस्थित था, किन्तु उसके परीक्षा परिणाम अंकसूची में अपरिहार्य कारणों से अनुपस्थित अंकित हो गया है वह अपनी उपस्थिति के संबंध में अपना अभ्यावेदन कालेज के प्राचार्य, केन्द्राध्यक्ष को देंगे और प्राचार्य या केन्द्राध्यक्ष उनके आवेदन का परीक्षण कराएंगे, उसके बाद उनके आवेदन के साथ उपस्थिति पत्रक अग्रेषित कर यूनिवर्सिटी को भेजना होगा। यूनिवर्सिटी ने स्पष्ट कर दिया है कि परीक्षार्थियों से सीधे आवेदन यूनिवर्सिटी में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।



#### 45 हजार परीक्षार्थियों की चल रही सेमेस्टर परीक्षा

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित फर्स्ट व थर्ड सेमेस्टर एग्जाम इन दिनों चल रहा है। इस सेमेस्टर एग्जाम के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा गवर्नमेंट व प्राईवेट मिलाकर 65 कालेजों को परीक्षा सेंटर बनाया गया है। परीक्षा दो पालियों में हो संचालित हो रही है, जिसमें पहले पाली में सुबह 8 बजे से 11 बजे तक और दूसरे पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा हो रही है। इस परीक्षा में स्नातक फर्स्ट व थर्ड सेमेस्टर मिलाकर लगभग 45 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।

#### निर्देश जारी किए गए

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद इस तरह के मामले आते हैं जिसमें विद्यार्थियों के मार्कशीट में अनुपस्थित दर्शाया गया होता है जबकि विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए रहते हैं। इसलिए सेमेस्टर परीक्षा को ध्यान में रखकर पहले से ही यूनिवर्सिटी ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं ताकि परीक्षार्थियों को परेशानी न हो।

**-रामेश्वर राठौर,** असिस्टेंट रजिस्ट्रार परीक्षा, एयू

### चौकसे कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया बिलासा एयरपोर्ट का शैक्षणिक भ्रमण



**एजुकेशन प्लस**

**बिलासपुर।** चौकसे ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस बिलासपुर के अंतर्गत चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन एवं इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग शाखा के विद्यार्थियों ने बिलासा देवी केवट हवाई अड्डा बिलासपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया।

विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान एयरपोर्ट की विद्युत आपूर्ति प्रणाली, रनवे लाइटिंग सिस्टम, नेविगेशन एवं कम्युनिकेशन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था तथा एयर ट्रैफिक कंट्रोल की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने छात्रों के प्रश्नों का समाधान किया। प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार जैन ने कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक एवं तकनीकी भ्रमण छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रो. सचिन मेश्राम ने कहा कि हवाई अड्डे जैसे अत्याधुनिक तकनीकी वातावरण का प्रत्यक्ष अवलोकन छात्रों को कक्षा में पढ़ाए गए विषयों को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर प्रदान करता है। यह भ्रमण छात्रों की तकनीकी समझ, नवाचार सोच और करियर दृष्टि को सुदृढ़ करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने में सहायक होता है। इस शैक्षणिक भ्रमण का समन्वय ए. के. जैन एवं अमित कुमार पांडेय द्वारा किया गया।

### सुमीत बाजार की वूलन महासेल शुरू ग्राहकों को मिल रहा बंपर डिस्काउंट




**बिजनेस प्लस**

**बिलासपुर।** विंटर सीजन को खास और किफायती बनाने प्रदेश की सबसे बड़ी रिटेल चेन सुमीत बाजार की ओर से वूलन महासेल की शानदार शुरुआत की गई है। इस महासेल में ग्राहकों को वूलन कपड़ों की आकर्षक और ट्रेंडी रेंज के साथ जबरदस्त ऑफर्स और बेहतरीन डील्स का लाभ मिल रहा है। सर्दी के मौसम में फैशन और जरूरत दोनों को ध्यान में रखते हुए सुमीत बाजार ने सभी आयु वर्ग के ग्राहकों के लिए विशेष कलेक्शन पेश किया है। ऑफर्स की बात करें तो चार वूलन आइटम्स की खरीदी पर 50 प्रतिशत, तीन आइटम्स पर 40 प्रतिशत और दो आइटम्स पर 30 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इन ऑफर्स पर नियम व शर्तें लागू हैं। इसके साथ ही सुमीत बाजार स्टोर्स में ईयर एंड सेल के तहत अन्य कई प्रोडक्ट्स पर भी अतिरिक्त लाभ दिए जा रहे हैं। सुमीत बाजार में विंटर सीजन को लेकर ग्राहकों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। यहां स्वेटर, स्वेटशर्ट, हुडीज, जैकेट्स, विंडशीटर, कार्डिगन, वूलन गर्ल्स टॉप, शॉल, स्टोल, मफलर, हैंड ग्लव्स, टोपी और थर्मल वियर सहित विंटर वियर की विस्तृत और आकर्षक रेंज उपलब्ध है। इसके अलावा साड़ी, कुर्ती, टी-शर्ट, जींस, शर्ट, ट्राउजर्स, सूटिंग-शर्टिंग, सलवार सूट के साथ-साथ गृह उपयोगी वस्तुएं, सजावट और फर्निशिंग आइटम्स की भी बड़ी रेंज ग्राहकों को मिल रही है। पुरुषों, महिलाओं, किशोरों और बच्चों के लिए लेटेस्ट फैशन कलेक्शन के साथ सुमीत बाजार इस सर्दी को स्टाइलिश और बजट फ्रेंडली बनाने में जुटा हुआ है।

### औद्योगिक प्रक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** जिला उद्योग संघ द्वारा औद्योगिक प्रक्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण को लेकर विधायक धरम लाल कौशिक को उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन को प्रेषित पत्र जिसमें औद्योगिक प्रक्षेत्र में व्याप्त समस्याओं की निराकरण की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में औद्योगिक क्षेत्र में फायर ब्रिगेड स्टेशन, ई एस आई सी का हॉस्पिटल, एंबुलेंस सर्विस, ट्रैक टेलर की पार्किंग स्थल की मांग की।

संघ के अध्यक्ष सतीश शाह और महासचिव शरद सक्सेना ने बताया कि सिलपहरी, सिरगिट्टी, तिफरा औद्योगिक प्रक्षेत्र में लगभग 800 से ज्यादा उद्योग कार्यरत हैं इनमें लगभग 15- 20000 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं। परिवार सहित कुल आबादी 90-95 हजार से ज्यादा होती है । अभी कुछ दिनों पूर्व एक उद्योग में आगजनी की घटना में दो कर्मचारियों की मृत्यु हो गई। घटना स्थल पर एंबुलेंस पहुंचने में ही एक से डेढ़ घंटा लग गए। यदि अग्नि शमन स्टेशन होता तो शायद काफी राहत होती। इसी प्रकार कर्मचारी राज्य बीमा निगम का औषधालय औद्योगिक प्रक्षेत्र में होगा तो कर्मचारियों को 20 किमी दूर इलाज के लिए अपने परिवार को नहीं ले जाना होगा। औषधालय के साथ ही एंबुलेंस सर्विस भी आवश्यक है। बड़ी गाड़ियों ट्रक की पार्किंग की कोई व्यवस्था सी एस आई डी सी द्वारा नहीं की गई है। सिरगिट्टी थाने के पास पुराना भवन खाली पड़ा है वह औषधालय के लिए प्रदान किया सकता है। वहीं सेक्टर सी में स्थापित फ्लाई ओवर ब्रिज भी अपनी दुर्दशा को आंसु बहा रहा है।

### न्यू होराईजन डेन्टल कॉलेज के डाक्टरों ने किया सर्जिकल आपरेशन



**बिलासपुर।** न्यू होराईजन डेन्टल कॉलेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट, सकरी के बाल रोग विशेषता विभाग में 4 महीने के नवजात शिशु रियांश टंडन पिता बुधिराम टंडन मुंगेली का सफलतापूर्वक माइनर सर्जिकल प्रोसीजर विभाग अध्यक्ष डॉ. शिल्पी द्विवेदी, डॉ जयेश तिवारी एवं पीजी के छात्रों के साथ सफलतापूर्वक किया गया। डा. शिल्पी ने बताया कि रियांश को नियोनेटल दांतों की वजह से इरप्शन सिस्ट हो गया था। जिसके कारण उसका मुंह अवरोधित होता जा रहा था। उसे बेहद दर्द एवं दूध पीने मे दुविधा हो रही थी। ये उसके लिए प्राण घातक भी सिद्ध हो सकता था। क्योकि नियोनेटल दांतो मे जड़ न होने की वजह से वह अस्थाई थे एवं शिशु के मैकजलरी साइंनस एवं सांस की नली मे जा सकते थे। नियोनेट दांत व दांत होते है जो कुछ शिशुओं में जन्म के एक महीने के बाद निकलते हैं। रियांश में दो नियोनेटल दांत थे जो सिस्ट की वजह से उग नही पा रहे थे। इस जटिल सर्जरी को कुशलतापूर्वक एवं साहसिक रूप से संपन्न करने के लिए कॉलेज के चेयरमेन प्रकाश दावरा, सेक्रेटरी अशोक अग्रवाल, एक्सीक्यूटीव डारेक्टर प्रियंका अग्रवाल एवं डीन डॉ राना के वर्गीस ने टीम के प्रयास की जमकर तारीफ की है।

### हितेश को नई दिल्ली में मिला अटल तिरंगा सम्मान



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गर्व और सम्मान का क्षण उस समय आया, जब राज्य के एकमात्र प्रतिनिधि हितेश कुमार तिवारी को वर्ष 2025 का "अटल तिरंगा सम्मान" प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें समाज सेवा और खेल के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट, निरंतर और प्रेरणादायी योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह भव्य आयोजन सैल्यूट तिरंगा संस्था के तत्वावधान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर आयोजित किया गया। संस्था द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी "अटल तिरंगा सम्मान" का आयोजन नई दिल्ली में किया गया।

### कैट बिलासपुर इकाई के जयसिंह बने अध्यक्ष



**बिलासपुर।** कैट के प्रादेशिक कार्यालय रायपुर में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी की अध्यक्षता में प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन, महामंत्री सुरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ,चेयर मैन जितेंद्र दोषी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व बिलासपुर प्रभारी राकेश ओछवानी,कैट के राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी की अनुशंसा से राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं सांसद चांदनी चौक व राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खेंडेलवाल की सहमति से हीरानंद जयसिंह को बिलासपुर कैट का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त कैट बिलासपुर इकाई के अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ने कैट वॉइस चेयरमेन अमर पारवानी, राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, कैट प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र सिंह, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व बिलासपुर प्रभारी राकेश ओछवानी, कैट प्रादेशिक कार्यालय सभी पदाधिकारियों व साथी आशीष अग्रवाल और बिलासपुर कैट के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

# अटल स्मृति सम्मेलन में नगर विधायक अमर हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी पर उनकी स्मृति और विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व सिद्धांतों पर अडिग, व्यवहार में विनम्र और निर्णयों में दूरदर्शी था। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद को भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक आधारशिला बताते हुए अटल की भूमिका को रेखांकित किया। स्व. बाजपेयी के 1956 में तिब्बत विषय पर दिए गए प्रभावशाली भाषण और प्रधानमंत्री बनने से जुड़ी ऐतिहासिक भविष्यवाणी का स्मरण भी किया गया। अमर अग्रवाल ने बताया कि स्व. बाजपेयी ने अल्पमत सरकार से लेकर 24 दलों वाली गठबंधन सरकार तक का सफल संचालन किया।

1975 के आपातकाल के बाद लोकतंत्र की पुनर्स्थापना, प्रधानमंत्री रहते हुए परमाणु परीक्षण जैसे साहसिक निर्णय और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की उनकी दूरदर्शिता आज भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे स्व. बाजपेयी के मर्ग पर चलकर देश की प्रगति में सहयोगी बनें।





हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



**फूलों से विशेष श्रृंगार**

एकादशी के उपलक्ष्य में भगवान श्याम की विशेष पूजा कर गेंदा, गुलाब, सेवंती के 101 किलो फूलों से श्रृंगार किया गया। वहीं भगवान श्याम का एक झलक पाने भक्तों की मंदिर में दिन भर भीड़ रही। सुबह से शाम तक दर्शन का क्रम चलता रहा।

वेकैंसी

## रेलवे ग्रुप डी के 22 हजार पदों पर 21 जनवरी से शुरू होंगे आवेदन

**बिलासपुर**। 10वीं पास के लिए रेलवे में सरकारी नौकरी पाने का सपना सच होने वाला है। रेलवे विभाग की ओर से ग्रुप डी के अंतर्गत अलग-अलग विभागों में 22 हजार रिक्त पदों को भरने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के लिए आवेदन 21 जनवरी 2026 से स्टार्ट कर दिए जाएंगे। आवेदन शुरू होते ही उम्मीदवार ऑनलाइन माध्यम से आधिकारिक पोर्टल rrbapply.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकेंगे। बता दें कि रेलवे ग्रुप डी भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों का किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 36 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।




### मेडिकल एग्जामिनेशन में भाग लेना होगा

इस भर्ती में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को चयन के लिए सबसे पहले कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) एग्जाम में भाग लेना होगा। जो अभ्यर्थी इस परीक्षा में निर्धारित कटऑफ अंक प्राप्त कर लेंगे वे भर्ती के अगले चरण फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट (पीईटी) के लिए सफल माने जाएंगे। पीईटी के बाद अभ्यर्थियों को डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन एवं मेडिकल एग्जामिनेशन में भाग लेना होगा। सभी चरणों के बाद अभ्यर्थियों की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी।

कार्यक्रम

## पुरुषार्थ की गति बढ़ाने के लिए 'कारण' नहीं, 'निवारणस्वरूप' बनें

**बिलासपुर**। शिव-अनुराग भवन, राजकिशोर में चल रहे पॉजिटिव थिंकिंग क्लास में जीवन की समस्याओं, उनके कारणों और समाधान पर सारगर्भित मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में अव्यक्त महावाक्यों के माध्यम से ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने स्पष्ट किया कि



जब जीवन में पुरुषार्थ की गति धीमी हो जाती है,तो उसके पीछे कोई न कोई कारण या बहाना अवश्य होता है। दीदी ने संदेश दिया कि वर्तमान समय की आवश्यकता है कि प्रत्येक आत्मा 'कारण' खोजने के बजाय 'निवारण' स्वरूप बने और हर समस्या को समाधान में परिवर्तित करे। यही तीव्र पुरुषार्थ का आधार है,स्वयं के निवारण से ही विश्व-कल्याण दीदी ने कहा कि जब तक व्यक्ति स्वयं अपनी कमजोरियों और उलझनों से मुक्त नहीं होगा, तब तक वह दूसरों को मुक्ति का मार्ग नहीं दिखा सकता। एक 'मास्टर मुक्तिदाता' वही है, जो पहले स्वयं बंधनों से मुक्त हो और फिर अन्य आत्माओं को भी शांति और सुख की दिशा दे। संसार की अधिकांश आत्माएँ अशांति और दुख से ग्रस्त हैं तथा मुक्ति की पुकार कर रही हैं। ऐसे समय में स्वयं को सशक्त बनाकर दूसरों की सहायता करना ही सच्चा पुरुषार्थ है। दीदी ने बताया कि खुशी, शांति और शक्ति जैसे आध्यात्मिक खजाने निमित्त भाव और निर्माण भाव से सहज रूप में जमा होते हैं। जिन आत्माओं में ये खजाने प्रकट होते हैं, उनके जीवन में स्वतः ही रूहानी नशा और बेफिक्र बादशाह जैसी स्थिति दिखाई देती है।

आयोजन

## जन कल्याण के लिए हुआ गौ-माता का अवतरण

**बिलासपुर**। धूमा में चल रही गौ कथा में गौ कथा वाचक गोपाल कृष्ण रामानुज दास ने कहा वेदलक्षणा गौ रुद्रों की माता, वसुओं की पुत्री, अदिति पुत्रों की बहिन और घृतामृत का खजाना है। पूज्या गौमाता अवध्या है। इनका धरती पर अवतरण लोगों का कल्याण के



लिए हुआ है। कथा वाचक ने कहा कि गौमाताएं हमारा मुख्य धन हो। इंद्र हमें गोधन प्रदान करें तथा यज्ञों की प्रधान वस्तु सोम रस के साथ मिलाकर गौमाता का दूध ही उनका नैवेद्य हो। वराह पुराण के 146 वें अध्याय के तीसरे श्लोक में बताया गया है कि सबसे पहले भगवती गौ माता की कथा वराह भगवान ने पृथ्वी माता को सुनाई थी अर्थात कथाओं में सबसे पुरानी भगवती गौ माताजी की कथा है। जो भी व्यक्ति गौ कथा करता है, सुनता है तथा करवाता है उसका फल स्वयं को तो मिलता ही है, साथ ही उनकी 14 पीढ़ी को भी इसका फल मिलता है। इसका अग्नि पुराण में उल्लेख है। उन्होंने कहा कि लोग मानव प्लास्टिक की थैली का उपयोग कर पर्यावरण को दूषित कर रहे हैं। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।





# पुत्रदा एकादशी पर निकली निशान यात्रा

पुत्रदा एकादशी पर श्री राम मंदिर तिलक नगर से श्री श्याम मंदिर तक बाजे-गाजे के साथ एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा के समय श्याम भक्त 201 निशान हाथ में लिए चल रहे थे। जिसे श्याम मंदिर में चढ़ाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुत्रदा एकादशी एक अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण तिथि मानी जाती है। यह एकादशी पौष मास के शुक्ल पक्ष में आती है और भगवान विष्णु को समर्पित होती है। इसे पुत्र सुख और पारिवारिक समृद्धि के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना गया है। पौष पुत्रदा एकादशी का हिंदू धर्म में खास महत्व होता है। हर साल पौष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को यह व्रत रखा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा करने का महत्व होता है। मान्यता है कि पुत्रदा एकादशी का व्रत करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है और संतान को भी सुख की प्राप्ति होती है। इस एकादशी पर दान भी जरूर करना चाहिए। इससे भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त हो सकती है और बेहद पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इसी महत्ता के चलते श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट की ओर से एक भव्य निशान यात्रा से निकाली गई जो कि राममंदिर तिलक नगर से निकल कर देवकीनंदन चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। मंदिर पहुंच कर श्याम भक्तों ने निशान को अर्पित किया।



भक्तों ने किया 201 निशान अर्पित, शाम तक चलता रहा दर्शन का क्रम



**गुरू गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर दीवान सजाया गया**

बिलासपुर। गुरुद्वारा में मंगलवार को श्रद्धा-भक्ति के साथ सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व मनाया गया। गोड़पारा सेंट्रल गुरुद्वारा में विशेष दीवान सजाया गया। सिख पंथ के महान रागी जत्था कथावाचक शब्द, कीर्तन, गुरुवाणी का गायन कर समूह संगत को गुरचरणों के साथ जोड़कर निहाल किया। गुरुद्वारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरुग्रंथ साहिब के श्रीचरणों में माथा टेका और श्रद्धा के फूल अर्पित किए इस दौरान गुरु का अटूट लंगर भी बांटा गया। पंजाब से आए धाडी जत्थे व रागी जत्थे ने गुरुवाणी एवं श्री गुरु गोविंद सिंह जी के इतिहास से परिचय कराया।

## छात्राओं को स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में दी जानकारी

**बिलासपुर**। आईसीएआई शाखा की सीकासा द्वारा मंगलवार को आरुग फाउंडेशन के सहयोग से मगरपारा स्थित भीमराव अंबेडकर शासकीय विद्यालय में छात्राओं के बीच अनसेंटेड सेनेटरी पैड वितरित किए गए। कार्यक्रम में सीए मिली डे, चेयरपर्सन सीकासा की गरिमामयी उपस्थिति रही।



इस अवसर पर छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जागरूकता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। सीए मिली डे ने सुरक्षित एवं स्वच्छ उत्पादों के उपयोग पर जोर देते हुए छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य गोपाल मिश्रा को सहयोग प्रदान करने सीकासा शाखा की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

## व्यंकटेश मंदिर में गोदाम्बा उत्सव

**बिलासपुर**। सदर बाजार स्थित श्री व्यंकटेश मंदिर में गोदाम्बा उत्सव श्रद्धा और उत्साह से मनाया जा रहा है। प्रतिदिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा कर मंगल व श्रृंगार आरती की जा रही है। खिचड़ी व खीर के भोग लगाए जा रहे हैं। स्तोत्र पाठ के साथ प्रति शुक्रवार को अभिषेक किया जा रहा है।



■ मंगल, श्रृंगार आरती कर किया जा रहा स्तोत्र पाठ

गोदांबा उत्सव दक्षिण भारत की परंपरा पर आधारित एक भक्तिपूर्ण त्योहार है। जिसमें भगवान रंगनाथ (भगवान विष्णु के अवतार) और उनके प्रिय भक्त, देवी गोदा/गोदाम्बा जिन्हें लक्ष्मी का अवतार माना जाता है, के प्रेम और विवाह का जश्न मनता है। इसमें विशेष पूजा, श्रृंगार, भजन और भगवान का कन्या दान व विवाह संस्कार शामिल होता है। यह मार्गशीर्ष दिसंबर-जनवरी महीने में एक महीने तक चलता है। रामानुज संप्रदाय के प्रमुख संतों में से एक श्री विष्णुचित्त स्वामी को मां गोदम्बा (लक्ष्मीजी) तुलसी के बगीचे में मिली थी।

### 12 को होगा विवाह

महोत्सव के 27 वें दिन 12 जनवरी को माता गोदांबा का भगवान रंगनाथ से विवाह होगा। इस दिन बाजे-गाजे के साथ बारात निकाली जाएगी। पर्व के मद्देनजर मंदिर परिसर को फूलों व विद्युत झालरों से सजाया जाएगा। मान्यता है कि यही से माला का आदान-प्रदान हुआ। जिसे वरमाला परंपरा की शुरूआत भी मानी जाती है।

## गुरु पुत्रों के बलिदान को किया गया याद

**बिलासपुर**। आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में गुरु गोविंद सिंह और उनके चारों बच्चों सहित पूरे परिवार के बलिदान दिवस पर यज्ञ कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। हवन के बाद आर्य समाज के उपमंत्री जितेंद्र पटेल ने भजन प्रस्तुत किया।

आचार्य जयदेव शास्त्री ने गुरु गोविंद सिंह के चारों बच्चों की बलिदानी गाथा का वर्णन करते हुए बताया कि धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंदसिंह के बेटे अजीत सिंह, जुझार सिंह ने युद्ध भूमि में धर्म की रक्षा के लिए लड़ते-लड़ते वीरगति को प्राप्त हुए और दो छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह को माता गुजरी के साथ ठंडा बुर्ज में भूखे प्यासे कैद कर रखा गया। इन बच्चों को भूखे प्यासे देखकर मोतीराम मेहता



ने दोनों छोटे गुरु पुत्रों को दो दिन तक दूध पिलाया तो उनको दूध पिलाने की सजा दी गई। महता परिवार ने भी धर्म की रक्षा के लिए पूरा परिवार न्योछावर कर दिया। गुरु के दोनों छोटे पुत्रों को दीवार में चुनवा दिया गया। ऐसे बलिदानियों की वजह से हमारा सनातन धर्म और देश बचा है, नहीं तो सनातन धर्म खत्म हो जाता।

### बच्चों को दें धर्म की शिक्षा

आचार्यजी ने कहा कि अपने बच्चों को धर्म की शिक्षा दें। इतिहास के संबंध में बताएं तो जीवन सफल होगा। पैसा कमाना नहीं, धर्म कमाना, बच्चों को संस्कारित बना देना बड़ी बात है। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में बच्चों द्वारा शहीदों के बलिदानों के नाम बताने पर उन्हें आर्य समाज द्वारा इनाम देकर उत्साहित किया गया।

स्पोटर्स न्यूज

## श्याम इलेवन को हराकर कुंबली इलेवन पाटन की टीम अगले दौर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



स्व ऊषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता जिला खेल परिसर मैदान में चल रही है। प्रतियोगिता का दूसरा मैच कुंबली इलेवन पाटन और श्याम इलेवन के बीच खेला गया। इस मैच के अतिथि सिम्स के डीन डॉ रामणेश मूर्ति एवं उनकी धर्मपत्नी मूर्ति,अतिरिक्त महाधिवक्ता आशीष शुक्ला,डॉ प्रदीप शुक्ला,डॉ मनोज राय,डॉ विनोद तिवारी रहे। सभी अतिथियों ने टॉस कराकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कुंबली इलेवन की टीम ने अपने सलामी बल्लेबाज जीतू की 53 रनों के धमाकेदार पारी अर्धशतकीय पारी की मदद से निर्धारित 10 ओवरों में 7 विकेट खोकर 124 रन बनाए।श्याम इलेवन के गेंदबाज राहुल ने सर्वाधिक 4 विकेट अर्जित किए। 125 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्याम इलेवन की टीम निर्धारित 10 ओवरों में 8 विकेट खोकर 61 रन ही बना सकी। इस प्रकार कुंबली इलेवन पाटन की टीम ने यह मैच 63 रनों से जीत लिया।श्याम इलेवन की ओर से बल्लेबाज लव ने सर्वाधिक 17 रन बनाए। वहीं कुंबली इलेवन पाटन के गेंदबाज शीतल और राजा ने 3 - 3 विकेट अर्जित किए। कुंबली इलेवन के बल्लेबाज जीतू को उनके 33 गेंदों में 53 रनों की आतिशी पारी के लिए मेन ऑफ द मैच चुना गया। आयोजन समिति के प्रमुख ईशान भंडारी ने बताया कि अपनी स्व.माता जी की स्मृति में मै यह आयोजन पिछले 13 वर्षों में मेरे द्वारा कराया जा रहा है।

इस वर्ष विजेता टीम को 11,11,111 रुपए एवं आकर्षक ट्रॉफी दी जाएगी जो कि लाइट टेनिस बाल क्रिकेट में पूरे देश की सबसे अधिक इनामी राशि है,साथ ही उप विजेता, मैंन ऑफ द सीरीज,बेस्ट बॉलर,बेस्ट बेस्टमैन,बेस्ट फिल्डर,समेत अनेक आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। दर्शकों के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए लाइव स्क्रीन, यूट्यूब पर लाइव प्रसारण, रिप्ले, थर्ड एम्पायर एवं आकर्षक आतिशबाजी आदि की व्यवस्था की गई हैं।

## छत्तीसगढ़ की बेसबॉल बालक टीम ने जीता रजत पदक

ऑल इंडिया बेसबॉल क्लब प्रतियोगिता में बेसबॉल बालक टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के पहले मैच में छत्तीसगढ़ टीम ने चंडीगढ़ टीम का सामना किया, जिसमें बेहतरीन खेल दिखाते हुए छत्तीसगढ़ ने 5–2 के स्कोर से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में मध्यप्रदेश के खिलाफ मुकाबला हुआ, जहां कड़े संघर्ष में छत्तीसगढ़ ने 3–2 से जीत हासिल की। तीसरे लीग मैच में दिल्ली टीम के विरुद्ध छत्तीसगढ़ का दबदबा देखने को मिला और टीम ने यह मैच 13–0 के बड़े अंतर से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबला हरियाणा टीम के साथ हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ बालक टीम ने अनुशासित और संतुलित खेल का प्रदर्शन करते हुए 5 रन बनाए




और हरियाणा को मात्र 1 रन पर रोक दिया। इस शानदार जीत के साथ छत्तीसगढ़ टीम ने फाइनल में अपनी जगह पक्की की। फाइनल मुकाबला पंजाब टीम के साथ खेला गया। फाइनल में भी छत्तीसगढ़ टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 3 रन बनाए, लेकिन पंजाब टीम की मजबूत हिटिंग के सामने छत्तीसगढ़ को 3-07 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल के दम पर छत्तीसगढ़ टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक जीता। व्यक्तिगत पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ टीम के कैचर राहुल कुमार विश्वकर्मा को बेस्ट कैचर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड प्रदान किया गया, वहीं पंकज मरावी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के सम्मान से नवाजा गया। वही टीम मे हर्षवर्धन राय, दीपक कुमार, अभीतेज प्रताप यादव, प्रियांशु राज , राहुल कुमार विश्कर्मा,सस्कार यादव,पंकज मरावी, मयंक चंद्रवंशी, लक्छय विभार,चंद्रेश कोर्रम शिवम्‍ पटेल, अशदेल अहमद टीम मे शामिल थे वही टीम के कोच लखन लाल देवांगन है ।



## कराटे चैंपियनशिप में 16 खिलाड़ियों ने पदक जीता

कराटे एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित न्यायधानी स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें कोनी के 18 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें 16 खिलाड़ियों ने पदक हासिल किया जिसमें आनन्द मार्ग हाई स्कूल देव नगर कोनी के झरना साहू स्वर्ण पदक, सिद्धखुशी परस्ते स्वर्ण पदक,निधि साहू रजत पदक, प्राची नायक कांस्य पदक, दिव्या कश्यप कांस्य पदक, अदिति अनंत कांस्य पदक, वैष्णवी यादव कांस्य पदक भूमिका कश्यप कांस्य पदक,आदि ने पदक प्राप्त कर अपने जिला व स्कूल का नाम रोशन किया। आनन्द मार्ग हाई स्कूल के डायरेक्टर आचार्य चित्तप्रभानंद अवधुत, प्राचार्य राजेश कुमार गुप्ता,ऊप प्राचार्य श्रीमती प्रभा लाठरे,व्यायाम शिक्षक आदित्य गढ़ेवाल व शिक्षिकाओं ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# नववर्ष के आगमन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं | WELCOME 2026









## Calendar 2026

### January

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

### February

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |

### March

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

### April

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | | |

### May

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

### June

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | | | | |

### July

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

### August

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | 31 | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |

### September

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | | | |

### October

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

### November

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | | | | | |

### December

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |













## शासकीय अवकाश 2026

| | |
|---|---|
| 03 जनवरी | छेरछेरा |
| 14 जनवरी | मकर संक्रांति |
| 26 जनवरी | गणतंत्र दिवस |
| 15 फरवरी | महाशिव रात्रि |
| 04 मार्च | होली |
| 15 मार्च | भक्त माता कर्मा जयंती |
| 21 मार्च | ईद-उल-फितर |
| 26 मार्च | राम नवमी |
| 31 मार्च | महावीर जयंती |
| 03 अप्रैल | गुड फ्राइडे |
| 14 अप्रैल | अम्बेडकर जयंती |
| 01 मई | बुद्ध पूर्णिमा |
| 01 मई | मजदूर दिवस |
| 27 मई | ईद-उल-जुहा |
| 26 जून | मोहर्रम |
| 29 जून | कबीर जयंती |
| 12 अगस्त | हरेली |
| 15 अगस्त | स्वतंत्रता दिवस |
| 26 अगस्त | ईद-ए-मिलाद |
| 28 अगस्त | रक्षाबंधन |
| 04 सितम्बर | जन्माष्टमी |
| 14 सितम्बर | हरतालिका तीज |
| 02 अक्टूबर | गांधी जयंती |
| 20 अक्टूबर | दशहरा |
| 08 नवम्बर | दिवाली |
| 15 नवंबर | छठ पूजा |
| 24 नवंबर गुरु | नानक जयंती |
| 18 दिसंबर | गुरु गणसीदास जयंती |
| 25 दिसम्बर | क्रिसमस दिवस |









## अखंड दुर्गा चालीसा आज

दगोरी। धर्म सम्राट, युग चेतना पुरुष सद्गुरुदेव परमहंस योगीराज शक्तिपुत्रजी महाराज के आशीर्वाद से साधक परिवार की ओर से कुर्मी धर्मशाला में 24 घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन 31 दिसंबर बुधवार 11 बजे से किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य आमजनों को नशामुक्त कर सदाचार व चरित्रवान जीवन जीने की प्रेरणा देना है।

## निधन

### बीर गोविंद शर्मा



**बिलासपुर।** बारगांव के प्रतिष्ठित नागरिक टिकरापारा निवासी बीर गोविंद शर्मा का 30 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मधुबन शमशान ग्रह में किया गया। वे अखिलेश शर्मा, निखिलेश शर्मा एवं आशीष शर्मा के पिता थे।

### श्रवण विश्वकर्मा



**बिलासपुर।** यादव मोहल्ला टिकरापारा निवासी श्रवण विश्वकर्मा उर्फ टिंगू का 30 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मधुबन मुक्तिधाम में 31 दिसंबर को सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे रोहिणी विश्वकर्मा एवं स्व लक्ष्मी विश्वकर्मा के पुत्र एवं स्व. दुर्गा विश्वकर्मा और राजकुमार विश्वकर्मा के बड़े भाई थे।

### महेत्तर राम कश्यप



**बिलासपुर।** बेलतरा विधान सभा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनपुर ग्रामीण के अध्यक्ष महेत्तर राम कश्यप का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 29 दिसंबर को ग्राम भाड़ी में हुआ। वे भानु प्रताप कश्यप के पिता थे। बेलतरा विधान सभा के कांग्रेस प्रत्याशी व ज़िला कांग्रेस कमेटी के पूरब अध्यक्ष विजय केशरवानी ने उनके गृह ग्राम भाड़ी में पहुँचकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। केशरवानी ने कहा कि स्वर्गीय मेहतर राम कश्यप जिन्हें मेहतर मंडल के नाम से जाना जाता था के निधन से कांग्रेस पार्टी को अपूर्णयीय क्षती हुई है।

### जाया दास



**बिलासपुर।** हेमू नगर निवासी श्रीमती जाया दास का निधन हो गया। वे 73 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 30 दिसंबर को तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे जीसी दास की पत्नी एवं गौतम व प्रीतम दास की माता थीं।

### हरिराम मेवलानी



**बिलासपुर।** धान मंडी रोड तोरवा निवासी हरिराम मेवलानी का 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 30 दिसंबर को तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे श्यामलाल, इंद्र लाल, ब्रह्मानंद, विष्णु, महेश, गणेश (काली) व अर्जुन मेवलानी के पिता थे।

### लालचंद साहू



**तखतपुर।** ग्राम गिरधौना में पदस्थ शिक्षक लालचंद साहू का 50 वर्ष की आयु में 29 दिसम्बर को निधन हो गया। वे विजयलक्ष्मी साहू के पति, देवा साहू, राजीव साहू पिता एवं गजानंद साहू के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मोछ में किया गया।

### शैली बाई देवांगन



**मस्तूरी।** समीपस्थ ग्राम वेदपरसदा निवासी शैली बाई देवांगन का 66 वर्षीय की आयु में 28 दिसंबर रविवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार सोमवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जयप्रकाश देवांगन की पत्नी एवं रामायण, रामानुज, परमेश्वर की मां थी।

## अटल स्मृति वर्ष में बेलतरा विधानसभा में संगोष्ठी का आयोजन

# अटलजी ने छत्तीसगढ़ की स्थापना कर की हमारी अस्मिता की रक्षा: सुशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल स्मृति वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में मंगलवार को विधानसभा बेलतरा में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता विधायक सुशांत शुक्ला, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज बोर्ड के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, छत्तीसगढ़ सिनेमा विकास निगम के अध्यक्ष मोना सेन, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी एवं बिलासपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष मोहित जायसवाल शामिल हुए।

सर्वप्रथम भारत माता पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने राजनीतिक विद्वेष से परे जाकर छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की। वे जानते थे कि राज्य स्थापना पश्चात यहां कांग्रेस की सरकार बनेगी लेकिन महादेव की तरह स्वयं विषपान कर छत्तीसगढ़ वासियों के हित में फैसला लिया। आज उसकी परिणीति यह हुई कि हमारे जीवन में व्यापक बदलाव हुए हैं। हमारी सामाजिक और आर्थिक दशा में आमूल चूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है। राज्य स्थापना के बाद छत्तीसगढ़ ने विकास की ऐसी रफ़्तार पकड़ी की देश के दूसरे राज्य पीछे रह गए। उन्होंने छत्तीसगढ़ की अस्मिता को जगाया। आज उनकी सौवीं जयंती पर हमारा यह समृद्ध राज्य 25 वर्ष की तरूणाई को प्राप्त कर लिया है। श्री शुक्ला ने अपने उद्बोधन जारी रखते हुए कहा कि एक सफल प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यालय को इतिहास सैदव याद करेगी।

प्रधानमंत्री सड़क योजना देश की अर्थव्यवस्था को गति देने एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध हुआ। इस योजना ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ दिया। आवागमन की सुविधा से आम जन जीवन की आर्थिक दशा में व्यापक बदलाव हुए। स्वर्णिम चतुर्भुज जैसी महत्वकांक्षी योजना से देश के महानगरों की बीच कनेक्टिविटी तैयार हुई। इतना ही नहीं उन्होंने पोखरण में परमाणु विस्फोट कर भारत की सामरिक शक्ति को मजबूत किया। सभा को यज्ञदत्त शर्मा और मोना सेन ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री मीडिया प्रभारी प्रणव शर्मा ने किया।



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक सुशांत शुक्ला व अन्य अतिथि।

### ये रहे मौजूद

संगोष्ठी सभा में जिला महामंत्री जनक देवांगन यश मनहर अवधेश विजयधर दिवान अग्रवाल तिरिथ राम यादव राज्यवर्धन कौशिक शैल भोई विक्रम सिंह धीरेंद्र दुबे उमेश गौरहा राजेंद्र अग्रहरि मोनू श्रीवास मनीष कौशिक शैलु गोरख लक्ष्मी सिन्हा जागेन्द्र कश्यप गंगा साहू भरत कश्यप कमल पटेल त्रिदेव रजक यास्मीन खान ललिता मरकाम सुशीला राव सीता ठाकुर मन्नू सिंह धनन्जय त्रिपाठी अंकुर ठाकुर जय वाधवानी प्रितेश सोनी रेखा सूर्यवंशी शैलेन्द्र देवांगन हेमन्त मरकाम पुरुषोत्तम पटेल रमेश पटेल सन्तोष दुबे दिनेश सिंह ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्व. वाजपेयी के स्मृति वर्ष पर भाजपा का विस स्तरीय सम्मेलन

भाजपा कार्यकर्ता अनुशासित और संयमितः रूप कुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

स्व अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति वर्ष के अवसर पर आयोजित विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महासमुंद की सांसद रूप कुमारी चौधरी ने भारत माता, श्यामा प्रसाद मुख़र्जी, पंदिनदयाल उपाध्याय तथा अटल बिहारी वाजपेयी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

■ छग सहित तीन राज्यों की स्थापना में अटल जी का अतुलनीय योगदानः धर्मजीत

इस मौके पर उन्होंने कहा कि, भाजपा के कार्यकर्ता ईमानदार, वफादार तथा देवतुल्य हैं। भाजपा कार्यकर्ता अनुशासित और संयमित हैं, यही कारण है कि आज देश में सबसे ज्यादा विधायक, सांसद हमारी पार्टी के हैं। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, भाजपा के स्थापना के पूर्व से लेकर आज भाजपा के विकास यात्रा में अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। छत्तीसगढ़ राज्य सहित तीन राज्यों की स्थापना में अटल जी का अतुलनीय योगदान है। कार्यक्रम को पूर्व महापौर किशोर राय, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री द्वारिकेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू ने तथा आभार जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक ने किया।

इस अवसर पर प्रदीप कौशिक, अश्वनी शर्मा, अशोक ठाकुर, कृष्ण कुमार साहू, रवि मेहर, विनोद यादव, दिनेश साहू, प्रमोद सिंह, प्रीतम कश्यप, तुलसी कौशिक, कामता कुलमित्र, जगदीश कश्यप,मोहन पाटले, शैलेन्द्र कौशिक, जिपं उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, जिला पंचायत सभापति अम्बिका विनोद साहू, जनपद सभापति मनहरण कौशिक, ऋषभ कश्यप, जया साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष श्याम सुन्दर कश्यप, मालती यादव,अमरीका साहू, वंदना सिंह, लक्ष्मी पाण्डेय, शिप्रा सामुएल, प्रतिभा यादव, श्यामा रामानंदी, लता कश्यप, गिरीश कश्यप, संतोष अवस्थी, दिलीप कोरी, महाबली कोशले, अंजू देवागन, कोमल सिंह, इस्लाम अंसारी, तिलक देवागन,राज साहू, सूरज रजक, गुलजीत खुराना, माधो देवांगन, टीकम कौशिक, अजय यादव, राघवेन्द्र पाण्डेय, मलय जहानी, सरजू यादव, एकांत मजूमदार, ओमप्रकाश कौशिक, सुखदेव ध्रुव, शिवकुमार यादव, कैलाश देवागन, सुनील आहूजा, सूर्या कश्यप, सोहन कश्यप, गिरीश गोश्वमी, विनोद कौशिक सहित अन्य उपस्थित रहे।



## बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला जेल मुंगेली में जेल लीगल एड क्लिनिक के कार्यों को सुदृढ़ करने हेतु बोर्ड ऑफ विजिटर्स की ओर से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने बंदियों से मुलाकात कर न्यायालय में चल रहे उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान बंदियों की स्वास्थ्य, भोजन, पेयजल, स्वच्छता एवं विधिक सहायता से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।



निरीक्षण का नेतृत्व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मरावी ने किया। उनके साथ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जसविंदर कौर अजमानी मलिक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कंचन लता आंचला, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीओपी मयंक तिवारी, सीएमएचओ डॉ शीला साहा, कृषि अधिकारी वीणा ठाकुर तथा जिला अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय ओबेराय, जेल अधीक्षक ममता पटेल, पीएलव्ही प्रकाश कुमार साहू एवं सुमीत साहू उपस्थित रहे।

## बिलासपुर संसदीय क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात

**बिलासपुर/रतनपुर।** छत्तीसगढ़ की जल संपदा और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में केंद्र सरकार ने एक मील का पत्थर स्थापित किया है। भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के 5 प्रमुख तालाबों के कायाकल्प के लिए 28.05 करोड़ की राशि को आधिकारिक मंजूरी प्रदान कर दी है।



इस मंजूरी के साथ छत्तीसगढ़ में अमृत 2.0 के तीसरे चरण के तहत कुल 37 परियोजनाएं संचालित होंगी। केंद्र सरकार ने राज्य के शहरी विकास हेतु कुल 1303 करोड़ की सहायता राशि स्वीकृत की है, जो प्रदेश के भविष्य को जल-समृद्ध बनाने में सहायक होगी। गौरतलब है कि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने स्वयं रतनपुर के तालाबों में उतरकर श्रमदान किया था और जल संरक्षण का संदेश दिया था। उनके उस व्यक्तिगत जुड़ाव और भागीरथी प्रयास का ही परिणाम है कि आज इन तालाबों के पुनर्जीवन और सौंदर्यीकरण के लिए इतनी बड़ी राशि स्वीकृत हुई है। श्री साहू के सक्रिय हस्तक्षेप के कारण ही केंद्र की एपेक्स कमेटी ने राज्य जल कार्य योजना के तीसरे चरण में इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को प्राथमिकता दी।

### परियोजनाओं का विवरण और बजट

इन 5 तालाबों की सूरत बदलेगी

रतनपुर क्षेत्रः रत्नेश्वर तालाबः 9.5 करोड़ (पुनर्जीवन एवं सौंदर्यीकरण) कृष्णार्जुनी तालाबः 7.5 करोड़ (कायाकल्प), बिलासपुर शहरः हरसागर तालाबः 5 करोड़, महामाया तालाबः 3.5 करोड़, शारदा तालाबः 2.55 करोड़।

### प्रमुख लाभ और प्रभाव

इन ऐतिहासिक तालाबों की गाद निकाली जाएगी। तटबंधों को मजबूत किया जाएगा और चारों ओर लाइटिंग व पाथवे बनाकर इनका सौंदर्यीकरण किया जाएगा। तोखन साहू के श्रमदान अभियान को आगे बढ़ाते हुए, इन जलाशयों के संरक्षण से क्षेत्र के भूजल स्तर में भारी सुधार होगा। रतनपुर की ऐतिहासिक पहचान को इन तालाबों के सजने से नई मजबूती मिलेगी।

## बरेला अपहरण-मर्डर केस: फरार 7 आरोपी गिरफ्तार

### हाइवे के पास पांच डिसमिल जमीन के लिए की युवक की हत्या

**जरहागांव।** बरेला में युवक का अपहरण कर हत्या करने के मामले में पुलिस 7 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले अब तक 12 आरोपियों को पकड़ कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस घटना से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश अब भी कर रही है।

पुलिस के अनुसार बरेला पंजाब नेशनल बैंक परिसर से 26 दिसंबर को दोपहर करीबन 2.30 से 3 बजे के बीच राजकुमार धुरी पिता बेनीराम धुरी उम्र 21 वर्ष निवासी बरेला थाना जरहागांव का जमीन विवाद के चलते छोटू साहू, रवि, चिन्टू साहू, पिन्टू साहू, कान्हा पटेल, बफरीन ऊर्फ समीर व उनके अन्य साथियों ने अपहरण कर लिया था। उन्होंने युवक के साथ मारपीट की जिसमें उसकी मौत हो गई। आरोपियों ने युवक को उसके घर के बाहर फेंककर फरार हो गए थे। मामले में पुलिस आरोपियों के खिलाफ धारा 140 (1), 103 (2), 61 (1) (ठ) के तहत अपराध कायम जांच कर रही थे। एसपी भोज राम पटेल के निर्देशन में एसडीओपी मयंक तिवारी, थाना प्रभारी नन्द लाल पैकरा एवं पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुट गई। सीसीटीवी फुटेज से प्राथमिक तौर पर अपराधियों की पहचान की गई और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की गई। पुलिस पहले ही 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी, लेकिन जांच के बाद 7 और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरण में अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी पतासाजी हेतु अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। फरार आरोपियों की सहायता करने वालों पर भी निगरानी रखी जा रही है ताकि फरार आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

**ऐसे दिया वारदात को अंजाम -** पुलिस के अनुसार प्रदीप उर्फ छोटू साहू पिता संतोष उम्र 27 वर्ष निवासी बरेला, मनीष साहू पिता शिव उम्र 22 वर्ष निवासी बरेला, विनीत साहू उर्फ चिन्टु पिता राकेश उम्र 20 वर्ष निवासी बरेला को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि प्रदीप साहू 26 दिसम्बर को दोपहर 1.30 बजे बैंक के कार्य से पंजाब नेशनल बैंक बरेला गया था। वहां उसने अंदर बैठे राजकुमार धुरी (मृतक) को देखा। इस पर उसने 1 वर्ष से चल रहे जमीन विवाद के चलते अपने साथी रवि निर्मलकर, चिन्टु साहू, मिन्टु साहू, राजा धुरी, मनीष साहू, कान्हा पटेल, छोटु खान, प्रदीप ध्रुवंशी, समीर कोशले एवं विकास पटेल को बुलाया और राजकुमार धुरी को जबरदस्ती उठाकर आरोपी के जीजा की कार क्रमांक एचपी 38 एफ 2528 से ठकुरीकापा नर्सरी ले गए। जहां युवक के साथ लाठी, डंडे और लात घूंसों से मारपीट की जिससे उसकी मौत हो गई। उसके बाद मृतक को उसके घर के बाहर फेंक दिया।



### गिरफ्तार आरोपी

प्रदीप उर्फ छोटू साहू पिता संतोष उम्र 27 वर्ष निवासी बरेला, विनीत साहू उर्फ चिन्टु पिता राकेश उम्र 20 वर्ष निवासी बरेला, रवि निर्मलकर पिता स्व. बिहारी लाल उम्र उम्र 25 वर्ष निवासी बरेला, .राजा धुरी पिता लक्ष्मीप्रसाद उम्र 25 वर्ष निवासी बरेला, प्रदीप ध्रुवंशी पिता स्व. पवन उम्र 25 वर्ष निवासी बरेला मनीष साहू पिता शिव उम्र 22 वर्ष निवासी बरेला योगेश साहू पिता जितेन्द्र उम्र 25 वर्ष निवासी खपरी थाना नांदघाट जिला बेमेतरा, प.संतोष कुमार साहू पिता लतेलराम साहू उम्र 56 वर्ष ग्राम बरेला थाना पोमेश पिता जितेन्द्र साहू उम्र 27 वर्ष निवासी हथनीपारा भाठापारा बलौदाबाजार सोनु राम साहू पिता कोदूराम साहू उम्र 45 वर्ष ग्राम घोघरा नवागढ़ जिला बेमेतरा हाल मुकाम मुंगेली, उत्तम साहू पिता प्रकाश उम्र 28 वर्ष निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाठापारा जिला बलौदाबाजार समीर कोशले पिता रमेश उम्र 19 वर्ष निवासी बरेला।

### गुत्थी सुलझी

बरेला मर्डर केस की गुत्थी सुलझा ली गई है। उक्त प्रकरण में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। प्रकरण में अपहरण, हत्या, षड्यंत्र, रेकी के साथ आरोपियों को किसी तरह का सहयोग किया हो उन सभी को गिरफ्तार किया जाएगा। उनकी पतासजी अब भी जारी है।

-भोज राम पटेल, एसपी, मुंगेली

## मुकेश बने युवा कांग्रेस पेंड्रा ब्लॉक अध्यक्ष



**पेंड्रा।** युवा कांग्रेस जिला जीपीएम के जिला अध्यक्ष अमन शर्मा ने प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति के बाद संगठन की नई सूची जारी की है। जारी सूची के अनुसार ग्राम पंचायत पतगंवा निवासी मुकेश कश्यप को युवा कांग्रेस पेंड्रा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस मौके पर मुकेश कश्यप ने कहा कि, वे संगठन को मजबूत करते हुए शासन-प्रशासन से पीड़ित आम जनता के साथ खड़े रहेंगे और उनके अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे।

## आईटी प्रकोष्ठ के संयोजक बने शिव



**सरगांव।** विधानसभा बिल्हा की राजनीति और संगठनात्मक संरचना में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भारतीय जनता पार्टी जिला नेतृत्व ने सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ से सक्रिय रूप से जुड़े अनुभवी कार्यकर्ता शिव पांडेय को विधानसभा संयोजक नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद शिव पांडेय ने क्षेत्रीय विधायक धरम लाल कौशिक के प्रति आभार व्यक्त किया।



## जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की शुरुआत

**गौरेला।** जीपीएम अस्पताल में 2 वर्ष पूर्व स्थापित ऑक्सीजन प्लांट की शुरुआत हो गई। प्लांट के सुचारू रूप से प्रारंभ न होने के कारण ऑक्सीजन सिलेंडरों को बाहर से रिफिल करवाया जाता था, अब जिला अस्पताल में स्थापित प्लांट के प्रारंभ होने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही, पेंड्रा एवं गौरेला को सिलेंडर रिफिल कर दिया जा सकेगा। इसके पूर्व में सिलेंडर की रिफिलिंग जिले के बाहर से की जाती थी।

■ 2 वर्षों पूर्व की गई थी प्लांट की स्थापना

अस्पताल अधीक्षक सिविल सर्जन डॉक्टर देवेंद्र पर ने बताया, जिला अस्पताल में ऑक्सीजन पाइपलाइन की शुरुआत हो चुकी है। प्लांट पहले ही स्थापित हो चुका था, परंतु कुछ तकनीकी खराबियों के कारण वह प्रारंभ नहीं हो सका था, और ऑक्सीजन सिलेंडर रिफिलिंग के लिए कोरबा भेजे जाते थे। प्लांट ऑपरेटर ने बताया कि, प्रकृति के माध्यम से ऑक्सीजन जनरेट किया जाता है एवं प्लांट के प्रक्रिया के माध्यम से नाइट्रोजन एवं कार्बन डाइऑक्साइड को अलग कर लगभग 1500 लीटर ऑक्सीजन को रिजर्व किया जाता है। प्लांट का संचालन डीजल एवं इलेक्ट्रिक दोनों के माध्यम से किया जाता है।


## आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नवरत्न सिंह पवार उम्र 65 वर्ष आ. स्व. श्री मुन्नु सिंह पवार, निवासी गोंड़पारा, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) हाल मुकाम मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर के हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की मौजा चांटीडीह, वार्ड नंबर 57, अशोक नगर वार्ड, डी.एल.एस. कालेज मेन रोड, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 13/12 में से, क्षेत्रफल 40X80 =3200 वर्गफीट, जिसके उत्तर एवं दक्षिण में विक्रेता की भूमि एवं पूर्व में डी.एल.एस. कालेज मेन रोड तथा पश्चिम में विक्रेता की बचत भूमि स्थित है, जिसे क्रय करने का पक्का सौदा मेरे पक्षकार श्री पुलकित अग्रवाल उम्र 38 वर्ष आ. श्री गजानंद अग्रवाल, निवासी कश्यप कालोनी, गली नंबर 5, करबला बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा किया जाकर शीध्र ही उपरोक्त वर्णित संपत्ति का पंजीकृत बिक्रीपत्र निष्पादित कराने वाला हैं। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय (शसकीय, अर्धशासकीय) बैंक आदि को आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज के साथ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के समाप्त होने के पश्चात् की गई आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे उपरोक्त पक्षकार उक्त संपत्ति का पंजीकृत बिक्रीपत्र अपने पक्ष में निष्पादित कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा। कृपया सूचना जानें।
दिनांक 31/12/2025

(रामशरण देवांगन) अधिवक्ता
नगर निगम कालोनी, महाराणा प्रताप चौक, व्यापार विहार रोड
बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9827150752

---

कार्यालय राजस्व निरीक्षक बिल्हा, तहसील-बिल्हा/बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

//सूचना//

क्रमांक/क्यू/रा.नि./2025
बिल्हा, दिनांक 30/12/2025

प्रति,
आवेदक/आवेदिका रामावतार अग्रवाल पिता जगमोहन अग्रवाल निवासी बिलासपुर आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूमिस्वामी
1. जवाहर लाल निर्मलकर पिता सोनूराम नि. बिलासपुर 2. श्री रंग बोबड़े पिता चम्पत राम नि. बिलासपुर 3. कार्यालय भारतीय रा. राजमार्ग बिलासपुर
विषय :- मौका जांच/सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिल्हा/बोदरी/ज्ञापन क्रमांक/169/क/तह./वाचक/2025 बिल्हा दिनांक 24/12/2025

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका रामावतार अग्रवाल पिता जगमोहन अग्रवाल निवासी बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिल्हा/बोदरी में मौजा पेण्ड्रीडीह प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. बिल्हा, तहसील- बिल्हा/बोदरी जिला- बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 199/2 रकबा 2.65 ए. का सीमांकन हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत आवेदन किया गया है। संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 5/01/26 को समय 12:00 से 5:00 बजे से किया जाना है। अतः आप अपनी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज सहित उक्त नियत तिथि को स्थल पर उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक बिल्हा
तह. बिल्हा/बोदरी,
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

---

कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

:: ईश्तहार ::

क्रमांक 8857/वा./वि.अ./2025
मुंगेली, दिनांक 16/12/2025

आवेदक श्री दिलीप कुमार घृतलहरे आ. पुरूषोत्तम प्रसाद घृतलहरे, जाति–सतनामी, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम केवईया, तहसील पथरिया, जिला मुंगेली छ.ग. **एवं** आवेदिका संजना आ. संजय कुमार जाति–वैष्णव, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम केवईया, तहसील पथरिया, जिला मुंगेली छ.ग.

एतद् द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा–05 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना प्रकाशन सर्व साधारण के लिए किया जाता है। इस विवाह पर यदि किसी प्रकार का कोई आपत्ति/दावा हो तो दिनांक 19.01.2026 को समय 03:00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार करना संभव नही होगा।

अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी,
जिला-मुंगेली (छत्तीसगढ़)

---

## आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जावेद मोहम्मद पिता स्व. बशीर मोहम्मद साकिन–मिशन स्कूल के पास, राजेन्द्र नगर, बिलासपुर (छ.ग.) में नजूल भूमि शीट नं. 10, प्लॉट नं. 18/2, 585 वर्गफीट दो मंजिला मकान स्थित हैं, पंजीकृत दस्तावेज क्र.–10553 रजिस्ट्री दिनांक 05.09.2002 है, जो कि दिनांक 29.12.2025 को बृहस्पति बाजार और ईदगाह चौक के मध्य गुम हो गया है।

मेरा पेपर गुम होने के बाद पेपर की आवश्यकता होने पर मैं उप पंजीयन कार्यालय बिलासपुर से अपना पेपर निकलवा रहा हूँ, उपरोक्त मकान जायदाद का पेपर स्वयं निकलवा रहा हूँ, यदि इस पर किसी को आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर संपर्क करें अन्यथा कोई भी दावा आपत्ति अमान्य होगी।

संपर्क करे
जावेद मोहम्मद
मो.नं. 7489388415

---

न्यायालय नायब तहसीलदार रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

ग्राम बांसाझाल, तहसील रतनपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि **आवेदक श्री रवि मरकाम पिता संतराम मरकाम, निवासी-वार्ड क्र.06, अचानकपुर नगर पंचायत बोदरी, तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम बांसाझाल, प.ह.नं. 04, तहसील रतनपुर स्थित भूमि खसरा नं. 321, रकबा 2.96, ए. भूमि को गैर आदिवासी क्रेता विद्याभूषण पिता रामनिरंजन द्विवेदी, उम्र 51 वर्ष, निवासी 03 मानस वाटिका खमतराई, तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग. के पास विक्रय करने हेतु छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु प्रकरण श्रीमान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोटा द्वारा इस न्यायालय को प्रकरण प्राप्त हुआ है।** इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 07/01/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
रतनपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

---

// आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेन्द्र प्रसाद साहू पिता श्री जगदीश प्रसाद साहू, निवासी ग्राम सम्बलपुरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूं जो कि मैं इस आशय का आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि मैंनें, भूमिस्वामी श्री घनश्याम प्रसाद वस्त्रकार पिता स्व. लक्ष्मण वस्त्रकार, निवासी सम्बलपुरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व व आधिपत्य की मौजा सम्बलपुरी, प.ह.नं.40, रा.नि.मं. पेण्डारी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 738/1 रकबा 0.27½ एकड़ कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, जिसका रजिस्ट्री निकट भविष्य में होना है। उक्त भूमि के संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्तियों, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्थायें, बैंक/ निगम/ निकाय को किसी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से मय दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकते है, अन्यथा समय अवधि अवसान बाद की गई आपत्ति विधि अनुसार मान्य नहीं होगा।

दिनांक : 30/12/2025

भवदीय
राजेन्द्र प्रसाद साहू
पिता श्री जगदीश प्रसाद साहू,
निवासी ग्राम सम्बलपुरी, तहसील सकरी,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9033668114

---

// शपथ पत्र //

मैं सुनिधी कौशिक पिता श्री लक्ष्मण कौशिक निवासी–ग्राम कुरेली पो.सागर तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूँ जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ। 1/यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 8368 4663 7176 एवं 10वीं, 12वीं के अंकसूची में मेरा नाम **सुनिधी कौशिक** लिखा व दर्ज है, जबकि मेरे भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी नं. 359082364 में मेरा नाम **झरना** लिखा व दर्ज हो गया है। 2/ यह कि मेरे भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी नं. 359082364 में मेरा **झरना** के स्थान पर **सुनिधी कौशिक** लिखा व दर्ज किया जावे एवं उक्त नाम मेरे भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी में सुधार कर लिखा व दर्ज किया जावे।

इस शपथ पत्र से किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक सरकारी एवं गैर सरकारी संस्था को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित में आपत्ति कर सकता है समय सीमा के समाप्ति के पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

शपथकर्ता
सुनिधी कौशिक
पिता श्री लक्ष्मण कौशिक
निवासी-ग्राम कुरेली पो.सागर
तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9669781500

---

समक्ष नोटरी - करगी रोड कोटा जिला बिलासपुर (छ.ग.)
छत्तीसगढ़ CHHATTISGARH....

// शपथ पत्र //

मैं दिव्यांशु गेंदले उम्र 20 वर्ष पिता नरेश कुमार निवासी ग्राम नेवरा तह. सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. का हूँ जो कि मेरे आ.कार्ड में 8981 0937, 7654 में पिता नरेश कुमार के नॉमिनी में मेरा नाम दिव्यांशु गेंदले दर्ज है जबकि मेरे एल आई सी के पॉलिसी पत्रक 375782806 में मेरा नाम रिंकू दर्ज है उक्त दोनो नाम दिव्यांशु गेंदले एवं रिंकू ही मेरा नाम है एक ही व्यक्ति का नाम है जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं दी गई यह जानकारी असत्य पाए जाने पर पूरी जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी

शपथकर्ता - दिव्यांशु गेंदले

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की पूरी बातें सत्य व सही है जिसे हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
गवाह– किशोर जांगड़े पिता विष्णु जांगड़े ग्राम नेवरा
शपथकर्ता - दिव्यांशु गेंदले

## खबर संक्षेप

### सड़क नवीनीकरण में शिकायत ठेकेदार मांगा गया स्पष्टीकरण



**मुंगेली।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत मुख्य मार्ग से बांकी तक 2.60 किलोमीटर सड़क नवीनीकरण कार्य में गुणवत्ता संबंधी शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए सुधारात्मक पहल शुरू कर दी है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर सड़क की तत्काल मरम्मत एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए गए हैं। कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसवाय सूर्यवंशी ने बताया कि, ठेकेदार से निर्माण कार्य में हुई कमियों को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया है, तथा सड़क के डामरीकरण कार्य में आवश्यक सुधार शीघ्र कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि, उक्त सड़क नवीनीकरण कार्य के लिए 67.83 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि, सड़क निर्माण की गुणवत्ता का तकनीकी मूल्यांकन एवं सत्यापन किए जाने के बाद ही भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### 11 दुकानों पर कोटपा एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई



**मुंगेली।** कोटपा एक्ट 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत तम्बाकू मुक्त मुंगेली की दिशा में सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में प्रवर्तन दल ने जिले के विभिन्न क्षेत्रें में औचक निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती दिखाई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा जरहागांव क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इस दौरान कोटपा एक्ट की धारा 4 एवं 6 के अंतर्गत कुल 25 दुकानों की जांच की गई। जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 14 दुकानों को चेतावनी देकर छोड़ा गया, जबकि शेष 11 दुकानों पर 1100 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की औषधि निरीक्षक किरण सिंह, जिला अस्पताल मुंगेली के साइकोलॉजिस्ट ओम साहू तथा पुलिस थाना जरहागांव के आरक्षक सुरेंद्र कुमार शामिल रहे।

### जिला नर्मदाखंड साहू संघ के रमेश बने अध्यक्ष



**पेंड्रा।** जिला नर्मदाखंड साहू संघ के पदाधिकारियों की चुनाव प्रक्रिया हाल ही में आपसी सामंजस्य, सौहार्द एवं पूर्ण सहमति के साथ निर्विरोध रूप से संपन्न हुई। इस अवसर पर समाज के विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष रमेश साहू के बनाया गया। साथ ही उपाध्यक्ष अनिल साहू, महिला भारती साहू, संगठन सचिव विश्वनाथ साहू एवं सह संगठन सचिव लक्ष्मी साहू को चुना गया। इस चुनाव प्रक्रिया में प्रदेश साहू संघ की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में तिलक राम साहू उपस्थित रहे। उन्होंने शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न होने पर समाज के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया एवं सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों की औपचारिक घोषणा की। इस मौके पर प्रदेश साहू समाज के नियमानुसार अध्यक्ष पद हेतु 11 हजार एवं उपाध्यक्ष, संगठन सचिव एवं सह संगठन सचिव पद के लिए निर्धारित 7 हजार की राशि एकत्रित की गई। समाज की मांग पर यह संपूर्ण राशि नवनिर्मित समाज भवन के निर्माण हेतु प्रदान करने का निर्णय लिया गया, जिसे जिलाध्यक्ष रमेश साहू को सौंपा गया। अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाजहित में निष्ठा, ईमानदारी एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का संकल्प दिलाया गया। अंत में जिलाध्यक्ष रमेश साहू ने सभी उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### गांव में मिला बंदर का नवजात ग्रामीणों ने वन विभाग को सौंपा



**लोरमी।** ग्राम रैतरा खुर्द मे जंगली बंदर के नवजात बच्चे को ग्रामीणों ने सुरक्षित हालत में वन विभाग को सौंपा। बन्दर को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने आरती उताकर बंदर के बच्चे को सकुशल विदा किया। ग्रामीणों ने बंदर के मिलने पर खुड़यि रेंजर रूद्र राठौड़ को सूचित किया एवं उसके मार्गदर्शन में उसे घर ले आए। ग्रामीणों ने सुरक्षित देखरेख कर बंदर को दूध पिलाया एवं गर्म कपड़े से ढककर उसको ठंड से बचाया। इसके बाद वन अधिकारी मौके पर पहुंचे और बंदर के बच्चे को सुरक्षित कानन पेंडारी ले जाया गया।

### दूसरे दिन भी धरना स्थल पर रही कर्मचारियों की भीड़

# मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली



ज्ञापन देते फेडरेशन के सदस्य।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के तीन दिवसीय आंदोलन के दूसरे दिन आगर खेल परिसर में कर्मचारी-अधिकारी बड़ी संख्या में अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर उपस्थित रहे। फेडरेशन के जिला संयोजक जेपस ध्रुव ने कहा कि, हमारी मांगों पर शासन स्तर से कोई संवाद के पहल नहीं की जा रही है, जिससे पूरे प्रदेश में कर्मचारी-अधिकारी अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने की तैयारी कर रहे हैं।

जिला उपसंयोजक बिन्दु भास्कर ने कहा कि, पूरा प्रदेश में 124 संगठनो के द्वारा आंदोलन किया जा रहा है, ऐसे में सरकार हमारी मांगों पर निश्चित ही विचार करेगी। लघु वेतन संघ के जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने अपने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के समस्याओं एवं 11 सूत्रीय मांगों पर विचार व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष अशोक कश्यप ने कहा कि, यत्र नारी पूज्यंते, तत्र नारायण रमंते, मतलब हमारी सभी मांगे पूरा किया जाएगा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी व्याख्याता संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय ने कहा कि, संघर्ष एवं त्याग में ही मांगे पूरा होती हैं। पेंशनधारी कल्याण संघ से डीडी मानिकपुर ने 11 सूत्रीय मांगों पर विचार व्यक्त किए। आन्दोलन में प्रमुख रूप से रामकृष्ण वैष्णव, पीएल दिवाकर, देवि शंकर यादव, बिन्दु साहू, मोतीराम यादव, कमलेश्वर साहू, चन्द्रभान जयसवाल, पूर्णिमा पात्रे, राजकुमार घृतलहरे, संजय श्रीवास्तव, ज्योति डाहिरे, नीतू सिंह, कपूर किशन महिलांगे, मीना डहरिया, भैया सिंह परिहार, देवेन्द्र देवांगन, शंकर लाल मतवारे, दिनेश निर्मलकर, अमित कुर्रे, दुष्यंत कुर्रे, फूल चंद यादव, कृष्ण कुमार वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संचालन अत्रि प्रताप सिंह ने किया एवं आभार व्यक्त डीएल भास्कर ने किया। कार्यक्रम के अंत में नायब तहसीलदार दिलीप खांडे को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम से 11 सूत्रीय मांगों के ज्ञापन सौंपा गया।

## नए साल में साढ़े 5 लाख कर्मचारी शुरू करेंगे आर-पार की लड़ाई



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़-कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन अपनी लंबित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय निश्चितकालीन आंदोलन पर है। इस आंदोलन के कारण सभी कार्यालय बंद हैं, वही सरकारी काम भी ठप्प पड़ गया है। काम के सिलसिले में आने वाले ग्रामीण कार्यालय बंद होने से वापस लौट रहे हैं। गौरतलब है कि, कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को पूरा करने के लिए कई बार शासन का ध्यान आकृष्ट ज्ञापन और धरना-प्रदर्शन के माध्यम से करने का प्रयास किया, परंतु उनकी मांगों को अनसुना कर दिया गया। इसी क्रम में अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर कर्मचारी सड़क पर उतर आए हैं। फेडरेशन के पदाधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि, तीन दिनों तक सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया जा रहा है। यदि 31 दिसंबर तक सरकार की ओर से कोई ठोस पहल या वार्ता का प्रस्ताव नहीं आती है, तो नए साल में प्रदेश के सभी साढ़े 5 लाख कर्मचारी आर-पार की लड़ाई शुरू करेंगे। कर्मचारी संघ के पदाधिकारी जितेंद्र शुक्ला, वल्लभ रजक, हूप सिंह क्षत्री, श्रीकांत मिश्रा, राजकुमार शर्मा, संजय सोनी, विजय मिश्रा, शशिकांत सोनी, दिनेश दुबे,अशोक क्षत्रिय, सुभाष देवांगन, भीखम कौशिक, उमर कुरेशी, गुलाम रसूल खान, शकुंतला छतरी, रामकुमार निर्मलकर, चंद्रशेखर पांडे सहित अन्य तहसील कार्यालय के पास उपस्थित हुए और आंदोलन को सफल बनाने की सभी कर्मचारियों से अपील की।



## सहस्त्रधारा, हवन-पूजन के साथ श्रीमद्भागवत कथा संपन्न

**लोरमी।** ग्राम बांधा आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का समापन रविवार को सहस्त्रधारा, हवन-पूजन, भोग भंडारा के साथ हो गया। कथावाचक पंडित सुरेंद्र कृष्ण गिरी महराज ने प्रतिदिन अपने श्रीमुख से श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी विभिन्न लीलाओं के माध्यम से लोगों को प्ररित किया। सुदामा व श्रीकृष्ण की कथा का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि, मित्रता में अमीरी-गरीबी, पद प्रतिष्ठा नहीं देखनी चाहिए। रविवार को श्रीमद्भागवत कथा का समापन हुआ, इस दौरान हवन-पूजन, सहस्त्रधारा के साथ भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने प्रमेंद्र आरती गोस्वामी ,आत्माराम खेल कुमारी सागर, मनोज गंधर्व मीनाक्षी गंधर्व, नागेंद्र पुरी, सोमवती गोस्वामीस सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

### श्रीराम कथा सम्पूर्ण जीवों के लिए विश्रामदायिनी: हिमान्शु महराज



श्रीराम कथा आनंददायिनी सुखप्रदायिनी सम्पूर्ण जीवों के लिए विश्रादायिनी भी है।श्रीरामचरित मानस की रचना आत्मकल्याण, जनकल्याण और विश्वकल्याण के उद्देश्य से भगवान भूतभावन शंकर जी ने किया है। उन्होंने सम्पूर्ण जीवों के कल्याण के लिए उक्त कथामृत का वर्णन माता पार्वती से किया है। ईश्वर का अंश होने के कारण जीव आनंद और सुख चाहता है, जबकि आनंद और सुख के दाता भगवान श्रीराम व उनकी दिव्य श्रीराम कथा है। उक्त कथन हाईस्कूल कोतरी में आयोजित श्रीरामचरित मानस सम्मेलन के पांचवे दिन के प्रवचन के दौरान राज्यपाल सम्मान से सम्मानित शिक्षाविद साहित्यकार एवं कथावाचक डॉक्टर सत्यनारायण तिवारी हिमान्शु महाराज ने प्रवचन के दौरान व्यक्त किए। सम्मेलन को हनुमतद्वाराचार्य हनुमतपीठाधीस्वर जगद्गुरू स्वामी महावीर दास, साध्वी लीला भारती, राघवदास एवं प्रफुल्ल पांडेय ने भी संबोधित किया। संचालन पंडित शिवकुमार पांडेय ने किया।

### सब कथाओं का सार श्रीकृष्णचरित्र: पं तिवारी



ग्राम बुधवारा में चल रहे संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में कथावाचक पं दिनेशचन्द्र तिवारी ने पांचवें दिन श्रीकृष्ण लीला का वर्णन करते हुए कहा कि, भागवत में सभी अवतारों की कथा है, विभिन्न नर-नारियों की कथा है। उन्होंने कहा कि, जैसे रत्नजड़ति अंगूठी में सोना होने पर भी उसका सारभूत पदार्थ रत्न होता है, जिस तरह सभी नदियों का लक्ष्य सागर है, उसी तरह सब कथाओं का सार और लक्ष्य श्रीकृष्णचरित। महाभारत के श्रीकृष्ण तो महान राजनीतिज्ञ और ज्ञान गंभीर गुरु हैं, वही भागवत के श्रीकृष्ण जन साधारण के श्रीकृष्ण हैं, जिन्हें जनता आत्मीय समझती है, जिन्हें जनता प्रेम करती है। यहां वे बाल गोपाल है, माखनचोर हैं। कथावाचक ने आगे कहा कि, भगवान की भक्ति के सभी अधिकारी हैं। कोई किसी भी जाति का हो, उसके अब तक कितने ही नीच आचरण हों। भगवान के शरण होकर उनकी भक्ति करने से शीघ्र ही वह पवित्र हो जाता है। कथा का प्रतिदिन श्रवण खेदूसिंह, दुवसिया बाई, कन्हैया, गोकुल, बदन, धनी, उर्वशी, महावीर, प्रदीप, रानू, सुशील, जागमती तथा सम्पूर्ण ग्रामवासी कर रहे हैं।

## नवनियुक्त अध्यक्ष गजमती के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए भूपेश



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर पेंड्रा पहुंचे। वे कांग्रेस की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गजमती भानु के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता पिछली कांग्रेस सरकार और वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल की तुलना कर रही है, जिसमें वर्तमान सरकार कई मोर्चों पर पीछे नजर आ रही है। वर्तमान सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार धान खरीदी को लेकर गंभीर नहीं है और केवल भाजपा नेताओं का धान खरीदा जा रहा है, जबकि वास्तविक किसान परेशान हैं। पदभार ग्रहण के बाद अपने संबोधन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजमती भानु ने केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगी। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री बनने से पूर्व गौरेला-पेंड्रा-मरवाही को जिला बनाने का जो वादा किया था, उसे सत्ता में आते ही पूरा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने इस क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिनका लाभ आज भी जनता को मिल रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज तिवारी, अर्चना पोर्ते, ओम प्रकाश बंका, प्रकाश केशरी, संतोष ठाकुर, वीरेंद्र बघेल, सहित जिले भर से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

## जांच अधिकारियों को डिजिटल सुरक्षा, डेटा संग्रह का प्रशिक्षण




**मुंगेली।** रक्षित केन्द्र जिले के मीटिंग कक्ष में 29 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन पर पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को साइबर संबंधी अपराधों की बढ़ती चुनौतियों से निपटने, अन्य आपराधिक घटनाओं पर पुलिस की उत्कृष्ठ विवेचना एवं पुलिस जांच को फारेंसिक क्षेत्र विशेषज्ञ बनाने के लिए सायबर फारेंसिक की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। राज्य न्यायिक प्रयोगशाला रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ विक्रांत सिंह ठाकुर ने कार्यशाला में पुलिस विवेचना अधिकारियों को डिजिटल सुरक्षा, डेटा संग्रह, सोशल मीडिया एनालिसिस एवं मॉनिटरिंग, मोबाईल फॉरेंसिक विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में डिजिटल युग में अनेक प्रकार की साइबर अपराधों से निपटने एवं घटित घटनाओं में इलेक्ट्रानिक साध्य एकत्रित कर प्रकरण न्यायालय पेश करने व डिजिटल सुरक्षा, डेटा संग्रह, और आईटी एक्ट के बारे में प्रशिक्षित कर अपराधियों को सजा दिलाना था। कार्यशाला में छग राज्य के प्रमुख शाखा फोरेंसिक रायपुर के डॉ विक्रांत सिंह ठाकुर ने पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को अपराधो एवं साइबर अपराधों की जांच, विवेचना में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य एकत्रित करने प्रशिक्षण दिया व साइबर अपराधों से संबंधित कानूनों और नियमों की जानकारी के साथ विभिन्न सरकारी पोर्टलों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, अनुविभागीय अधिकारी मयंक तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक हरविन्दर सिंह एवं जिले के सभी थाना चौकी प्रभारी एवं जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारी विवेचक उपस्थित रहे।

## नगर में मातर-मड़ई मेले का आयोजन, उमड़ी भीड़



**पथरिया।** नगर में सोमवार को मातर-मड़ई मेले का आयोजन हुआ, जिसमे क्षेत्र भर से आए यदुवंशियों ने पारंपरिक वाद्य यंत्र गड़वा बाजा के साथ उमंगपूर्ण नृत्य करते हुए शौर्य प्रदर्शन किया। यादव समाज की ओर से किए गए इस आयोजन में नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं, वहीं उपाध्यक्ष मनोज पांडेय मुख्य मार्गदर्शक के रूप में शामिल हुए। यदुवंशियों ने अपने-अपने दल के साथ राउत नाचा का प्रदर्शन किया, जिसने अतिथियों सहित मेले में आए सभी नागरिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने कहा कि राउत नाच, मातर मड़ई मेला छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है, जिसका आयोजन प्रतिवर्ष नियमित होते रहना चाहिए। नगर पंचायत के उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, पूर्व अध्यक्ष जसपाल सिंह छाबड़ा, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव ने यदुवंशियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतिवर्ष आयोजन के लिये हर संभव सहयोग की बात कही। आयोजन समिति के अध्यक्ष जनक यादव, शंकर यादव ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री बलराम जायसवाल, सभापति इंद्रजीत यादव, मोनिका ओमू दिवान, मेला राम डनसेना, रामबघेल जनक यादव, शंकर यादव, चीनी यादव, उत्तम यादव, निक्कू यादव, सुकलाल यादव, मनोज यादव, जनक यादव, हरीशचंद यादव, गोलू यादव, मोनू यादव सहित नगर के यदुवंशी उपस्थित रहे।

## डीएवी की तीन दिवसीय गुणवत्ता संवर्धन कार्यशाला




**तखतपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल देवरीखुर्द तखतपुर में तीन दिवसीय गुणवत्ता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन छत्तीसगढ़ डीएवी संस्थान के प्रमुख क्षेत्रीय अधिकारी प्रशिक्षण समवन्यक प्रमुख व प्राचार्य हुडको, भिलाई प्रशांत कुमार के दिशा-निर्देशन में किया गया। कार्यशाला का संचालन सहायक क्षेत्रीय अधिकारी जोन जी के प्रमित कुमार जैन एवं जोन जे के क्षेत्रीय अधिकारी कमलनयन मिश्रा और क्लस्टर प्रमुख विनय कुमार श्रीवास्तव ने किया। कार्यशाला में जोन-जी और जोन-जे की कुल 14 डीएवी स्कूलों के 82 शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण के लिए डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी से 27 विषय प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण कार्य संपादित किया। डीएवी स्कूलों के प्राचार्य एसएन पाण्डेय बिल्हा, श्वेता श्रीवास्तव वेद परसदा, भूवेंद्र सिंह कसडोल, रश्मि मिश्रा कुम्हारी, एसके सिंह टिकुलिया, शशिकुमार सकरी, संदीप कुमार खम्हरिया, सुरेन्द्र सिंह, धरमजयगढ़ एवं प्राचार्या लैलूंगा अर्चना चौधरी विषय समन्वयक के मार्गदर्शन में कार्यशाला का सफलता पूर्वक संचालन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आधुनिक शिक्षा प्रणाली एवं पद्धति से शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार करना, शिक्षकों को नई शिक्षण पद्धतियों, रणनीतियों और नवीनतम शैक्षिक प्रवृत्ति से अवगत कराना, प्रभावी कक्षा प्रबंधन तकनीकों के बारे में ज्ञान और कौशल प्रदान करना और छात्रों के सीखने के कौशल को बेहतर करना एवं परीक्षा परिणाम को शत प्रतिशत बेहतर करना है।

## ग्राम सुरक्षा सेवा व गौ संरक्षण समिति का गठन



**धरमपुरा।** ग्राम कुंवागांव में ग्रामवासियों ने बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से ग्राम सुरक्षा सेवा और गौ संरक्षण समिति का गठन किया। समिति के इन्दू साहू ने बताया कि, समिति का गठन किया गया है, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष नीलकंठ कश्यप, उपाध्यक्ष डॉ मन्नू साहू, कोषाध्यक्ष रघुनाथ साहू, सचिव घनश्याम साहू एवं सह सचिव दिलकुश कश्यप, बिन्दुराम साहू, रामलाल साहू को चुना गया है। इस मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि समिति द्वारा ग्राम में गौ संरक्षण का कार्य किया जाएगा। सड़कों पर आवारा घूम रहे मवेशी आज के समय में बड़ी समस्या बने हुए हैं। इससे कई बाद दुर्घटनाओं की खबरें प्राप्त हो चुकी हैं। ऐसे में मवेशियों को सुरक्षित करना आवश्यक है। वहीं ग्राम के सरपंच मयाराम साहू, राजेश कश्यप, जीतराम साहू को संरक्षक बनाया गया है।

## प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में बसिया हरदी ने मारी बाजी



**सीपत।** स्टार क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बसिया हरदी और सीपत भूंजीपारा के बीच खेला गया, जिसमें बसिया हरदी की टीम ने सीपत भूंजीपारा को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद एनटीपीसी सीपत के कार्यकारी निर्देशक विजय कृष्ण पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि, जीत के लिए खेल भावना और अनुशासन होना चाहिए। ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलता है। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बसिया हरदी की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 157 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब सीपत भूंजीपारा की टीम मात्र 37 रन बी बना सकी और 120 रनों से मुकाबला हार गई। इस अवसर पर सत्यकाम सर एजीएम एचआर, मनीषा योगेश वंशकार सरपंच सीपत प्रतिनिधि, शैलेश चौहान, रामसनेही विजय,ध्रुवशंकर शुक्ला, संतोष भोई, विनय कश्यप, सुनील भोई, संदीप गुप्ता, राजेन्द्र कौशिक सोनू, भोज यादव, विनोद यादव, सुनील सिसोदिया, नीरज गुप्ता, डॉक्टर दिनेश साहू आदि मौजूद रहे। तियोगिता को सफल बनाने में आयोजन समिति के राहुल भोई, दिनेश विजय, नीरज भोई, संजू खरे, अनिकेत भोई, आदर्श यादव, बृजेश भोई, आयुष वंशकार, पंकज भोई आदि मौजूद थे।

### चन्द्रनाहूं कुर्मी समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता



**तखतपुर।** चन्द्रनाहूं कुर्मी समाज परिक्षेत्र तखतपुर मुंगेली की क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन चोरमा में हुआ। प्रतियोगिता में निगारबंद, टांडा, खम्हरिया, बिरगांव, ठाकुरकापा, कपसियाकला, लिम्ही और चोरमा से टीमों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर टांडा, द्वितीय स्थान ग्राम बिरगांव, तृतीय स्थान केसीसी खम्हरिया और चतुर्थ स्थान पर निगारबंद की टीम रही। प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 12 हजार 1 रुपए, द्वितीय पुरुस्कार 8 हजार 1 रुपए, तृतीय पुरुस्कार 4 हजार 1 रुपए एवं चतुर्थ पुरुस्कार के लरूप में 3 हजार 1 रुपए नकद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संतोष कश्यप उपाध्यक्ष जिला पंचायत बिलासपुर, श्यामसुन्दर कश्यप अध्यक्ष सरपंच संघ ऋषभ कश्यप, बिसाहू राम कश्यप, विशाल कश्यप, जनमेजय कश्यप,श्रवण कौशिक, सुनील कौशिक, बजरंग कश्यप, पुरुषोत्तम कश्यप, जूठेल कश्यप, बलराम कश्यप, सुधीर कश्यप रामप्रसाद कश्यप, मनीराम कौशिक, संतराम कौशिक, जुगल कश्यप, रिखीराम कश्यप टुकेश्वर कश्यप, कुंजबिहारी,अनिल कश्यप हेमंत कश्यप सहित अन्य रहे। अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष गौकरण प्रसाद कौशिक ने की और आभार प्रदर्शन संजीव कश्यप सरपंच चोरमा ने किया।

कराते प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर

## 5 को मिला गोल्ड, 7 ने हासिल किया सिल्वर मेडल



**मस्तूरी।** राज्य कराटे प्रतियोगिता 2025 डीपी विप्र महाविद्यालय में आयोजित की गई, जिसमें सांदीपनी पब्लिक स्कूल पेंड्री के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में भाग लेते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए वंश पाटले, सुखप्रीत कौर, सशुभ पाटले, दक्ष साहू, जेम्स बांड ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं अभिषेक कश्यप, अनुकल सिंह, सृष्टि अग्रवाल, प्रिंसी कश्यप, प्रणव लहरे, सावि खंडेल, प्रावी तिवारी ने रजत पदक हासिल किया। साथ ही श्रेयांश ओझा, प्रांजल कश्यप पंकज सिंह, आदित्य पटेल, ओम साहू, सुथिका यादव, सर्वदा अमन विश्वकर्मा, श्रीजेश निर्मलकर, ध्रुव चौहान को कांस्य पदक मिला।

**खबर संक्षेप**

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच की बैठक आज

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच की बैठक बुधवार 31 दिसम्बर को सुबह 11 बजे मंच के नगर कार्यालय बिलासपुर प्रकाशन परिसर मध्यनगरीय चौक बिलासपुर में होगी। मंच के पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि उक्त बैठक में 14 जनवरी को मकर संक्रांति उत्सव मंच द्वारा नवनर्मिति आशीर्वाद भवन लोखंडी तुर्काडीह रोड भगवान श्री परशुराम मंदिर परिसर में मनाने चर्चा होगी। उन्होंने मंच के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### विधि संकाय सेमेस्टर परीक्षा 12 जनवरी से

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने विधि संकाय स्नातक-स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर परीक्षा 12 जनवरी से आयोजित करने जा रही है। यूनिवर्सिटी द्वारा विषम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन पश्चात टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार बीएएलएलबी, एलएलबी सेमेस्टर, बीकाम एलएलबी की परीक्षा 12 जनवरी से शुरू होगी। इसी तरह एलएलएम की सेमेस्टर परीक्षा 24 जनवरी से चालू होगी। विधि संकाय की सेमेस्टर परीक्षा 5 फरवरी तक चलेगी। विवि प्रबंधन ने परीक्षा को लेकर संबंधित कॉलेजों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है।

### 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**बिलासपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के एसआईआर कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। इसके तत्काल बाद सूची पर दावा एवं आपत्तियां लेने का काम शुरू हो गया है जो कि 22 जनवरी तक लिया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने अपने कक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक लेकर इसकी प्रक्रिया से उन्हें अवगत कराया। कलेक्टर ने बताया कि दावा एवं आपत्तियां स्वीकार करने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कुछ केन्द्र निर्धारित हैं। दावा, आपत्तियों की नोटिस, सुनवाई एवं सत्यापन का कार्य साथ-साथ चलेगा। सुनवाई की अंतिम तिथि 14 फरवरी है। वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। बैठक में राजनीतिक दलों को विगत मतदाता सूची एवं वर्तमान मतदाता सूची में हुए अंतर की तुलनात्मक जानकारी दी गई। उन्हें निर्वाचक नामावलियों की दो प्रतियां भी उपलब्ध कराई गई। दावा आपत्तियों की सुनवाई के लिए नियत स्थल की सूची भी उन्हें दी गई। ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपने नाम की जांच करने और नाम नहीं मिलता है तो क्या करें।

### थर्ड सेमेस्टर परीक्षा का टाइम टेबल संशोधित

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित फर्स्ट व थर्ड सेमेस्टर परीक्षा चल रही है। इसी बीच यूनिवर्सिटी ने बीएससी थर्ड सेमेस्टर बायो ग्रुप के परीक्षा टाइम टेबल में संशोधन किया है और 6 जनवरी को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक इकोनामिक जियोग्राफी का पेपर अब उसी दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इसी तरह बीबीए थर्ड सेमेस्टर फंडामेंटल ऑफ फिजिकल जियोग्राफी का पेपर पहले 5 जनवरी को सुबह 8 से 11 बजे होने वाली थी जो अब उसी दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इसके अलावा भी कुछ और विषयों के टाइम टेबल संशोधित हुए हैं।

## कर्मचारियों की हड़ताल के दूसरे दिन भी ठप रहा कामकाज

# कलेक्टर टीएल की मीटिंग छोड़ हर दफ्तर में पसरा सन्नाटा



आंदोलनरत कर्मचारियों ने मंगलवार को दिनभर किया प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- हड़ताल से पूरा कामकाज ठप
- अधिकारियों का भी पूर्ण समर्थन

अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण शासकीय विभागों में मंगलवार को भी कामकाज पूरी तरह ठप रहा।

90 प्रतिशत कर्मचारी अवकाश पर रहे। जिन दस प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति रही उन्होंने भी दोपहर दो बजे के बाद घर की राह पकड़ ली। हड़ताल से आम जनों को परेशान होना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले सोमवार से प्रारंभ हुई तीन दिवसीय कामबंद हड़ताल ने मंगलवार को दूसरे दिन भी अपना खासा प्रभाव दिखाया। न केवल राज्य शासन के विभाग, बल्कि निगम व मंडलों व शासकीय स्कूलों में भी हड़ताल का खासा असर नजर आ रहा है। जिन विभागों में संविदा आधार पर कर्मचारी पदस्थ हैं, वहां अभी सिर्फ संविदा श्रेणी के कर्मचारियों की ही उपस्थिति देखी जा रही है। हालांकि इनमें से भी ज्यादातर कर्मचारी समय से पहले ही ऑफिस छोड़कर घर की राह पकड़ रहे हैं। वर्ष का अंतिम सप्ताह होने के कारण विभागों में वैसे भी लगभग छुट्टी जैसा ही माहौल चल रहा है। ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानी आम जनों को हो रही है, जो अपना काम लेकर विभागों में पहुंच तो रहे हैं, लेकिन मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। बाक्सजनदर्शन के लिए फरियादियों की खोज करते रहे अर्दली मंगलवार को कलेक्टर टीएल के दौरान ही आयोजित जनदर्शन में फरियादियों की संख्या नहीं के बराबर रही।

इस दौरान मंथन हॉल के गेट पर ड्यूटी कर रहे अर्दली के द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में घूम रहे प्रत्येक व्यक्ति से पूछा जाता रहा कि अगर आप आवेदक हैं और कलेक्टर से मिलने आए हैं तो मंथन में आईए। हालत यह थी कि अर्दली की इतनी मशक्कत के बाद भी फरियादी नहीं के बराबर ही मिले। सोमवार को बड़ी संख्या में कामकाज के लिए विभागों में आए लोगों को तीन दिन हड़ताल की जानकारी मिल चुकी थी, जिससे उन्होंने अभी तीन दिनों के बाद ही अधिकारियों के समक्ष फरियाद लेकर आना मुनासिब समझा।

### विभागों में तालेबंदी कराते रहे कर्मचारी नेता

कलेक्टर टीएल के कारण सारे विभागों के अधिकारी मंगलवार को अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित थे। इसी तरह अधिकारियों को टीएल की जानकारी उपलब्ध कराने उनके अधीनस्थ कर्मचारी भी विभागों में मौजूद रहे। टीएल की मीटिंग समाप्त होते ही कर्मचारी नेताओं ने हर विभाग में घूम-घूमकर कामकाज बंद करने व विभागों में तालेबंदी करने की बात कही। दोपहर दो बजे तक मुख्यालय के सारे विभाग पूरी तरह खाली हो चुके थे।

# तिहाड़ जेल से छूटने के बाद कट्टा अड़ाकर लूट की कोशिश, एक आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

**बिलासपुर।** कट्टा अड़ाकर एक्टीवा सवार से लूट की कोशिश करने के मामले में पुलिस को एक लुटेरे को पकड़ने में सफलता मिल गई है। 300 सीसीटीवी कैमरा खंगालने के बाद पुलिस टीम ने अनूपपुर में दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी तिहाड़ जेल से छूटने के बाद तीन अन्य दोस्तो के साथ लूट की कोशिश की थी।



आरोपी।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, जबड़ापारा निवासी लखन उर्फ निटी देवांगन कंपनी गार्डन के पास समोसा की दुकान चलाता है। 19 दिसंबर की सुबह 7.15 बजे वह अपने घर से एक्टीवा में दुकान जाने के लिए निकला था। घर से थोड़ी दूर में आनंद डेयरी के पास बाइक में आए तीन लोग ने निटी को रोक लिया। पीछे बैठे एक युवक ने कट्टा अड़ाकर सोने की चेन देने कहा नहीं तो गोली मारने की धमकी दी। निटी देवांगन एक्टीवा छोड़कर विरोध कर शोर मचाते हुए दौड़कर भागने लगा। इससे तीनों आरोपी बाइक से भाग निकले थे। एसएसपी रजनेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसीसीयू टीम व सरकण्डा पुलिस को आरोपियों को पकड़ने का निर्देश दिया। 300 सीसीटीवी कैमरा खंगालने के बाद तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से टीआई प्रदीप आर्या, एसआई हेमंत आदित्य, राहुल सिंह, प्रमोद सिंह, सत्या पाटले, विवेक राय, संजीव जांगड़े, प्रेम सूर्यवंशी, अभिजीत डाहिरे सहित अन्य पुलिसकमियों ने अनूपपुर में दबिश देकर आरोपी करवल नगर दिल्ली निवासी गगनदीप बंसल पिता सुरन्दर बंसल 42 साल को पकड़ लिया। उसके साथी आमीर, शकील, विजय लांबा पुलिस पकड़ से बाहर है।

### तिहाड़ जेल में हुई मुलाकात

पकड़ा गया आरोपी हत्या के मामले में तिहाड़ जेल में बंद थी। उस दौरान उसका फरार तीनों आरोपियों से जान पहचान हुई थी। चारों आरोपी खूंखार अपराधी है। जेल से छूटने के बाद चोरों की मुलाकात हुई और लूट, डकैती की वारदात को अंजाम देने के लिए शहर आए थे।

### चोरी की बाइक में की वारदात

आरोपियों ने पहले अम्बिकापुर से एक स्पोर्टस बाइक क्रमांक सीजी 15 सीके, 1036 व तखतपुर से बाइक क्रमांक सीजी 10 एएस, 2450 चोरी की गई। उसके बाद दोनों बाइक से आरोपी शहर आए और रैकी करने के बाद लूट की कोशिश की गई। उसके बाद दोनों बाइक रेलवे स्टेशन के पास छिपाकर ट्रेन से अनुपपुर भाग गए थे। पुलिस ने दोनों बाइक जब्त कर लिया है।

### फसल बीमा की अंतिम तिथि आज

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी फसल वर्ष 2025-26 के लिए जिले में फसल बीमा के अंतर्गत प्रीमियम जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है। योजना अंतर्गत जिले के कुल 88 ग्राम अधिसूचित किए गए हैं, जिनमें गेहूं, चना, सरसों एवं अलसी फसलें अधिसूचित है। अधिसूचित फसलों हेतु प्रति हेक्टेयर ऋणमान एवं कृषक प्रीमियम गेहूं (सिंचित) के लिए ऋणमान 30 हजार एवं प्रीमियम 450 रुपए, गेहूं (असिंचित) के लिए ऋणमान 25 हजार एवं प्रीमियम 375 रुपए, चना के लिए ऋणमान 32 हजार एवं प्रीमियम 480 रुपए, सरसों के लिए ऋणमान 22 हजार एवं प्रीमियम 330 रुपए तथा अलसी के लिए ऋणमान 18 हजार एवं प्रीमियम 270 रुपए निर्धारित किया गया है। उप संचालक कृषि द्वारा जिले के समस्त ऋणी एवं अऋणी कृषकों से अपील की गई है कि अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुए समय पूर्व फसल बीमा कराएं।



मंगलवार को हरिभूमि कार्यालय में कैलेंडर का विमोचन करते अतिथि।

# नए कलेवर में हरिभूमि के कैलेण्डर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- अतिथियों ने कहा हरिभूमि का बेहतरीन प्रयास

हरिभूमि द्वारा प्रकाशित कैलेण्डर का विमोचन मंगलवार को हरिभूमि के गौरव पथ स्थित कार्यालय में एसएसपी रजनेश सिंह सहित शहर के विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में किया गया। सभी अतिथियों ने हर साल नए कलेवर में कैलेण्डर प्रकाशन को हरिभूमि का एक बेहतरीन प्रयास बताया और कहा कि इस कैलेंडर से पूरे 12 माह के पर्व, त्यौहार, राशिफल, विवाह मुहूर्त सहित अन्य सभी जानकारी उपलब्ध हैं। इसमें हर जरूरी जानकारी एक पल में देखी जा सकती है।

समारोह के आरंभ में हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने हर साल हरिभूमि द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले कैलेण्डर के संबंध में जानकारी दी और बताया कि विमोचन के बाद इस कैलेण्डर को सभी पाठकों तक पहुंचाने हरिभूमि का पूरा प्रयास रहता है। निरंतर निःशुल्क वितरण भी किया जाता है। सभी पाठकों का यह पसंदीदा कैलेण्डर है। वितरण के समय सैकड़ों लोग स्वयं हरिभूमि के गौरव पथ स्थित कार्यालय आकर इसे ले जाते हैं। यही इस कैलेण्डर की उपयोगिता को दर्शाता है। इस मौके पर स्थानीय संपादक प्रवीण शुक्ला,सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषि सहित हरिभूमि परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### हर दृष्टि से उपयोगी कैलेण्डरः रजनेश

मुख्य अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह ने नए कलेवर व आकर्षक कैलेंडर के प्रकाशन पर खुशी जताते हुए इसके लिए हरिभूमि परिवार को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह एक बेहतरीन कैलेण्डर है। इसमें दैनिक जीवन की सारी चीजें एक साथ उपलब्ध है। राशिफल, छुट्टियां हर चीज बहुत ही सरल तरीके से प्रकाशित किया गया है। जरूरी जानकारियों का बढ़िया समावेश है जिसकी जरूरत इंसान को जीवन में पड़ती है।

### समग्र पंचांग के रूप में है कैलेण्डरः तिवारी

विशिष्ट अतिथि डा.सीवी रामन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. अरविंद तिवारी ने कहा कि हरिभूमि का यह कैलेण्डर समग्र पंचांग के रूप में है, क्योंकि इसमें सामान्य व्रत, त्यौहार के अलावा सूर्योदय, चंद्रोदय की स्थिति, राशिफल का भी उल्लेख है। हिन्दू पंचांग व इंग्लिश कैलेंडर दोनों का समावेश भी है। इस तरह कैलेंडर में सभी वर्गो का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस विमोचन समारोह में भाग लेकर वे अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वहीं हरिभूमि ने अपनी परंपरा का निर्वहन करते हुए पुनः इसका प्रकाशन कराया है। इसके लिए हरिभूमि परिवार को बहुत बहुत बधाई।

### सभी व्रत, त्यौहारों की है पूरी जानकारीः भाटिया

विशिष्ट अतिथि फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के डायरेक्टर प्रिंस भाटिया ने कहा कि हरिभूमि के इस कैलेण्डर में सभी समाज के व्रत, त्यौहारों की पूरी जानकारी है। सबसे खास बात यह है कि इसे हर महिने अलग-अलग जानकारी सुव्यवस्थित तरीके से दी गई है। जिससे लोगों को देखने में सुविधा होगी और इस कैलेण्डर के उपलब्ध रहने से किसी को भटकना नहीं पड़ेगा। सभी आसानी से इससे व्रत, त्यौहारों की तारीख, दिन, मुहूर्त देख कर अच्छे से उसे मना सकेंगे।

### पाठकों को रहता है इस कैलेंडर का इंतजारः शुक्ला

विशिष्टअतिथि अलास्का होम के डायरेक्टर अनुराग शुक्ला ने कहा कि हरिभूमि द्वारा प्रकाशित यह कैलेण्डर सामाजिक सारोकार से परिपूर्ण है। इसमें तीज, त्यौहार के अलावा अन्य सभी धार्मिक व सामाजिक त्योहारों का समावेश है। जिसे लोग देख कर अपना काम आसान कर सकते हैं। नए कलेवर वाले इस कैलेंडर का सभी पाठकों को बेसब्री से इंतजार रहता है।

### समयबद्ध रहने की देता है प्रेरणाः अजय

विशिष्टअतिथि आधारशिला सैनिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ अजय श्रीवास्तव ने कहा कि नववर्ष के आगमन के साथ ही हरिभूमि द्वारा प्रकाशित इस कैलेण्डर के विमोचन समारोह में सहभागी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह बहुत ही खुशी का क्षण है। सबसे ज्यादा अच्छी बात यह है कि प्रकाशन, विमोचन के बाद यह प्रत्येक पाठकों के हाथ में रहता है।

# एसआईआरः प्रदेश से केवल 9 हजार वोटरों ने भरा आनलाइन फार्म

**बिलासपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान तहत मतदाताओं को आनलाइन गणना फार्म भरने की सुविधा प्रदान की थी। लेकिन पूरे छत्तीसगढ़ में केवल 9 हजार मतदाताओं ने आनलाइन गणना फार्म भरा है, जिसमें सर्वाधिक 2 हजार 18 फार्म बिलासपुर व दूसरे नंबर पर 1 हजार 815 फार्म रायपुर जिले से भराया है।

एसआईआर तहत आनलाइन गणना फार्म भरने की सुविधा निर्वाचन आयोग ने दी थी। निर्वाचन आयोग ईसीआई के वेबसाईट पर आनलाइन गणना फार्म भरा जा सकता था। लेकिन आनलाइन गणना फार्म भरने की सुविधा का लाभ उठाने वाले मतदाताओं की संख्या कम ही रही है। प्रदेशभर से केवल 9 हजार मतदाताओं ने आनलाइन गणना फार्म भरा है। इसमें भी सबसे ज्यादा बिलासपुर जिले से 2 हजार 18 मतदाताओं ने आनलाइन गणना फार्म भरा है। बिलासपुर के बाद दूसरे नंबर पर रायपुर जिले से 1 हजार 815 मतदाताओं ने आनलाइन फार्म भरा है। दुर्ग जिला आनलाइन फार्म के मामले में तीसरे नंबर पर रहा और दुर्ग से 1 हजार 501 मतदाताओं ने फार्म भरा है। कई जिलों में तो 100 के आंकड़ा तक नहीं पहुंच पाया है और जशपुर जिला में तो केवल 5 मतदाताओं ने आनलाइन फार्म भरा है।

### बिलासपुर में 13 लाख 12 हजार ने भरा मैनुअल फार्म

बिलासपुर जिले में एसआईआर शुरू होने के पहले कुल 16 लाख 75 हजार 770 मतदाता थे, जिनमें से 13 लाख 12 हजार 223 मतदाताओं के गणना फार्म मैनुअल बीएलओ के पास जमा किया है। इसमें विधानसभावार देखें तो कोटा विधानसभा से 195297 मतदाताओं के फार्म, तखतपुर विधानसभा से 218516 मतदाताओं के फार्म, बिल्हा विधानसभा से 264705 मतदाताओं के फार्म, बिलासपुर विधानसभा से 168006 मतदाताओं के फार्म, बेलतरा विधानसभा से 198380 मतदाताओं के फार्म एवं मस्तूरी विधानसभा से 267319 मतदाताओं के फार्म जमा हुए हैं।

# सिरगिट्टी में सट्टा खिलाने वाले 4 सटोरिए गिरफ्तार

- एसएसपी के सख्त आदेश के बाद भी जोरो से चल रहा सट्टा

**बिलासपुर।** एसएसपी के सख्त निर्देश के बाद शहर में जोरो से सट्टाबाजार चल रहा है। पुलिस ने सिरगिट्टी क्षेत्र में सट्टा खिलाते 4 सटोरियों को पकड़ा है।

पिछले क्राइम मीटिंग में एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के सभी थानेदारों को जुआ, सट्टा नहीं चलने की हिदायत दी गई थी। शिकायत मिलने पर थानेदारों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। उसके बावजूद शहर के खाईवाल सक्रिय होकर बेखौफ सट्टा खिला रहे है। 29 दिसंबर को सिरगिट्टी पुलिस ने तिफरा बाजार में सट्टा खिलाते दिलेश्वर साहू पिता बबुआ साहू 26 साल शांतिनगर तिफरा, नया बस स्टैण्ड से लक्ष्मी नारायण कश्यप पिता हेमंत कश्यप 38 साल तिफरा, तिफरा ओवरब्रिज के नीचे से शिवम निषाद पिता दुकलहा निषाद 26 साल गणेशनगर नयापारा, धूमा चौक से शिव सिंह ठाकुर उर्फ सोनू पिता दुर्गा सिंह ठाकुर 39 साल किर्तीनगर नयापारा निवासी को पकड़ लिया है। उनके पास सट्टापट्टी व 2000 हजार रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने सटोरियों को गिरफ्तार कर खानापूर्ति कर लिया है। खाईवालों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# मस्तूरी में महिला से 1 लाख रुपए की उठाईगीरी, चकरभाठा में महिलाओं से जेवर की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी में बैंक से पैसा निकालने जा रही महिला को बाइक सवार तीन युवकों ने साड़ी गंदी होने की बात कहीं। महिला कपड़ा साफ करने में व्यस्त हो गई। इधर युवक 1 लाख 2 हजार रुपए सहित थैला लेकर भाग निकले। इसी तरह चकरभाठा में एक महिला महिलाओं को जेवर की फोटो खींचकर विदेश भेजने व पैसा देने की बात कहते डेढ़ लाख के जेवर ठगी कर फरार हो गई है। पुलिस लुटेरे व ठग महिला को नहीं पकड़ पाई है।



मस्तूरी पुलिस के अनुसार, मल्हार अकोला निवासी प्रेम कुमारी पति रतन लाल कुर्रे 46 साल दोपहर 12.15 बजे मस्तूरी ग्रामीण बैंक से 1 लाख 2 हजार रुपए निकालकर पैसा थैले में रखकर पैदल जा रही थी। मस्तूरी थाना के कुछ दूर में पीछे से बाइक सवार तीन युवक आए और उन्हें साड़ी में गंदगी लगने की बात कही। इस पर प्रेम कुमारी सड़क किनारे पेड़ में थैला लटकाकर साड़ी साफ करने लगी। इसी दौरान बाइक से उतरकर एक युवक आया और पैसा सहित थैला उठाकर अपने साथियों के साथ बाइक में बैठकर भाग गए।

महिला के शोर मचाने पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। उठाईगीरी की सूचना पर मस्तूरी पुलिस व एसीसीयू टीम महिला से पूछताछ कर सीसीटीवी कैमरा खंगालने में लग गई है। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### विदेश में फोटो भेजने का झांसा देकर डेढ़ लाख के जेवर की ठगी

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, परसदा माता चौरा निवासी ममता सूर्यवंशी पति मनोज सूर्यवंशी ने रिपोर्ट लिखाई 29 दिसंबर को दोपहर 2 बजे वह अपने घर में थी।

इस दौरान एक अज्ञात महिला उनके घर नया व पुराना बर्तन लेकर आई। उस दौरान उनकी जेठानी शुक्रवारा बाई सूर्यवंशी, मिलापा बाई सूर्यवंशी भी थी। महिला ने उन्हें कहा पुराने बर्तन को लेकर नया बर्तन देती है और सोना चांदी को लेकर फोटो खींचकर विदेश भेजते हैं। फोटो खींचने के बाद जेवर लौटा देगी और पैसा देगी। ममता ने उसे पुराने बर्तन व सोने का माला, चांदी का हाफ करधन, छल्ला, एक जोड़ी पायल, उनकी जेठानी शुक्रवारा बाई ने पुराने बर्तन चांदी का चैन, बिछिया, जेठानी मिलापा बाई ने एक सोने का माला, पायल, उनकी बहू ममता ने सोने का लाकेट, टाप्स दे दिए। महिला उन्हें बोली शाम 4 बजे डिजाईन भेजकर सभी का बर्तन बदलकर नया बर्तन व जेवर वापस कर देगी। ज्यादा पैसा देने की बात कहकर जेवर व बर्तन अपने साथ लेकर चली गई। उसके बाद महिला नहीं लौटी तब उन्हें ठगी के शिकार होने का अहसास हुआ। पुलिस ने ममता सूर्यवंशी की रिपोर्ट पर अज्ञात महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बाहरी गिरोह सक्रिय

जिले में बाहरी गिरोह सक्रिय होकर लगातार चोरी, उठाईगीरी, लूट की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पूर्व में रतनपुर बस स्टाप के पास से अम्बिकापुर से बस में रायपुर लौट रहे सराफा व्यापारी के 7 लाख रुपए सहित 1 करोड़ के जेवर चोरी कर लिया गया था। इसी तरह मोपका, तोरवा, जयरामनगर में बुर्का पहनकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस अब तक चोरों को नहीं पकड़ पाई है।

# कंपनी गार्डन साइलेंस जोन घोषित, 34 मुक्तिधामों का होगा जीर्णोधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तीन महीने बाद हुई एमआईसी की बैठक में 53 प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इसमें तय किया गया है कि कंपनी गार्डन क्षेत्र पूरी तरह साइलेंस जोन रहेगा और ध्वनी विस्तारक यंत्र का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह 34 मुक्तिधामों की जीर्णोधार के लिए साढ़े 10 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई। इसके साथ ही तोरवा से लेकर लालखदान तक की रोड का नाम शहीद वीरनारायण सिंह रोड़ होगा तो शहर में भगवान बीरसामुंडा की आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी।




मंगलवार को दृष्टि सभा कक्ष में हुई इस बैठक में दो मुहानी स्थित 72 एमएलडी ट्रीटमेंट प्लांट के 5 वर्ष हेतु तक संचालन व संधारण के लिए 2 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई। इसके साथ ही उस्लापुर स्थित रकबंधा तालाब के सौंदर्याकरण कार्य हेतु राशि दो करोड़ 21 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत प्रदान की गई।

### 14 करोड़ रुपए में बनेगा मल्टीलेवल सब्जी बाजार

एमआईसी की बैठक में बृहस्पति बाजार के मल्टीलेवल सब्जी बाजार बनाने के लिए 13 करोड़ 82 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह भी तय किया गया कि बृहस्पति बाजार को शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सिम्स तिराहा से शनिचरी बाजार जाने वाले निर्माणाधीन सडक पर अस्थाई रूप से जगह दी जाएगी। इस हेतु मूलभूत सुविधाएं विक्रेताओं को दिए जाने पर चर्चा हुई। सीवरेज परियोजना के पेश कार्यों को पूर्ण करने हेतु चौथी बार समय सीमा बढ़ाई गई।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 31 जनवरी तक

**बिलासपुर।** प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला द्वारा आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र मार्च 2026 से जून 2026 तक के लिए आवेदन 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक मंगाए गए हैं। बिलासपुर संभाग अधिनस्थ समस्त कार्यालय प्रमुखों से अपेक्षा है कि वे कार्यालय में पदस्थ लिपिक वर्गीय कर्मचारी जिन्होंने तीन वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके, लेखा प्रशिक्षण लेने इच्छुक लिपिक वर्गीय कर्मचारियों का निर्धारित प्रपत्र में आवेदन शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग, तृतीय तल को प्रेषित करें। आवेदन पत्र 31 जनवरी तक कार्यालय को प्राप्त हो जाना चाहिए।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152